कल आज और कल 108 वर्ष
दैनिक विश्वमित्र 1915-2023

# दैनिक विश्वमित्र

• हिन्दी का प्राचीनतम राष्ट्रीय दैनिक •

FOR BOOKING ADVERTISEMENT
CALL : 033 2288 2023
90627 71550
• Display
• Obituary
• Notice, Classified
दैनिक विश्वमित्र

वर्ष 108 ■ संख्या 174 | कोलकाता बृहस्पतिवार ■ 29 जून, 2023 ■ आषाढ़ शुक्ल 11 सम्वत् 2080 | मूल्य : 4 रुपए, कुल पृष्ठ 8



# निजी हॉलों में कार्यक्रम करना होगा महंगा

## मनोरंजन कर 25 प्रतिशत बढ़ा

**कोलकाता, 28 जून (निप्र)।** कोलकाता नगर निगम इलाके में निजी हॉलों में शादी-ब्याह, बैठकें जैसे कार्यक्रम आयोजित करना महंगा हो जाएगा। नगर निगम ने निजी हॉलों का मनोरंजन कर 25 प्रतिशत बढ़ा दिया है। इसी महीने मेयर परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई। नगर निगम के मेयर फिरहाद हाकिम के पास पार्षदों ने प्रस्ताव दिया था कि केएमसी के कम्युनिटी हॉलों पर मनोरंजन कर लगाया जाए, जिससे नगर निगम की आय में इजाफा होगा, किन्तु मेयर ने कहा कि केएमसी कम्युनिटी हॉलों में गरीब वर्ग तथा मध्यम वर्ग के लोग कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार गरीबों का ध्यान रखती है। अत: केएमसी के कम्युनिटी हॉलों पर मनोरंजन कर नहीं लगाया जएगा। वहीं निजी हॉलों पर मनोरंजन कर 25 प्रतिशत बढ़ाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई है।

निजी हॉलों में रक्तदान, हेल्थ चेकअप जैसे जनहित के कार्यक्रमों के लिए बढ़े हुए मनोरंजन कर से राहत मिलेगी। ऐसे कार्यक्रमों के लिए बढ़ा हुआ मनोरंजन कर नहीं लिया जाएगा। केएमसी का लक्ष्य है कि नगर निगम की आय बढ़ाई जाए, किन्तु गरीबों और आम लोगों पर इसका बोझ न पड़े। इसी के तहत केएमसी के कम्युनिटी हॉलों को मनोरंजन कर से छूट दी गई है। मालूम रहे



## केएमसी के कम्युनिटी हॉलों को राहत

कि महानगर में कोलकाता नगर निगम के अनेक कम्युनिटी हॉल हैं, जो एसी समेत विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं। केएमसी के एसी कम्युनिटी हॉलों का दैनिक भाड़ा 5000 रुपये तथा गैर-एसी का किराया प्रतिदिन का 2000 रुपये है। ये हॉल ऑनलाइन बुक किये जाते हैं। नगर निगम की योजना यह भी है कि आम लोग केएमसी के कम्युनिटी हॉलों के प्रति आकर्षित हों। कारण कि जब कम्युनिटी हॉल ज्यादा से ज्यादा बुक होंगे तो इसके जरिए भी नगर निगम की आमदनी बढ़ेगी। वहीं लोगों को कम दर पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए हॉल भी मिल जाएंगे। कोलकाता नगर निगम इलाके में केएमसी के कम्युनिटी हॉल लगभग सभी क्षेत्रों में मौजूद हैं। इनका इस्तेमाल लोगों द्वारा किया जाए और लोगों को कम खर्च में शादी-ब्याह, अन्नप्रासन, किसी तरह की मीटिंग या अन्य आयोजन करने के लिए कम्युनिटी हॉल मिल सके और इनका इस्तेमाल भरपूर मात्रा में हो, इस पर कोलकाता नगर निगम का जोर है। इस तरह इस कदम के जरिए कोलकाता नगर निगम को दोतरफा लाभ होगा और आय बढ़ेगी। एक तरफ जहां केएमसी के कम्युनिटी हॉलों की ज्यादा से ज्यादा बुकिंग होगी, वहीं निजी हॉलों से अतिरिक्त 25 प्रतिशत मनोरंजन कर भी मिलेगा। इस तरह आर्थिक संकट का सामना कर रहे नगर निगम को आर्थिक रूप से राहत मिलेगी।

## मुख्यमंत्री की हालत में सुधार, घर से किया काम



***कोलकाता, 28 जून (निप्र)।*** *हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान घायल हुई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चिकित्सा करने के लिए आज डॉक्टरों की एक टीम उनके घर पहुंची। डॉक्टरों की इस टीम में शामिल तीन डॉक्टरों ने उनकी चोट की जांच की। इस दौरान उनके पैर के क्रैप बैण्डेज को खोलकर जांच की गई। डॉक्टरों ने उन्हें क्रैप बैण्डेज को लगाए रखने का परामर्श दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि अभी भी उन्हें दर्द महसूस हो रहा है, इसीलिए डॉक्टरों ने उन्हें चलने-फिरने से मना किया है। इस संबंध में एसएसकेएम के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मणिमय बंद्योपाध्याय ने कहा कि बाएं पैर के लिगामेंट के अलावा हिप ज्वायंट के लिगामेंट में भी चोट लगी हुई है। प्रत्येक दिन डॉक्टरों की एक टीम जा कर चोट की स्थिति का जायजा लेगी। मुख्यमंत्री को चार तरह की दवाएं दी गई हैं। डॉक्टरों ने जल्द सोने का भी परामर्श दिया है। आज मुख्यमंत्री ने कालीघाट अपने निवास पर 26 सरकारी फाइलों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने डॉक्टरों से यह भी कहा कि पंचायत चुनाव के कारण प्रचार के लिए उनका जाना जरूरी है, इसलिए वह जल्द से जल्द ठीक होना चाहती हैं। उधर वीरभूम में बृहस्पतिवार को होने वाली चुनावी सभा को मुख्यमंत्री के बदले अभिषेक बनर्जी संबोधित करेंगे।*

## सुपरटेक के चेयरमैन आरके अरोड़ा गिरफ्तार



**नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)।** कंस्ट्रक्शन कंपनी सुपरटेक के चेयरमैन आरके अरोड़ा को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। रियल सेक्टर क्षेत्र में कई तरह के गोरखधंधे सामने आए हैं। अधिकतर मामलों में रियल एस्टेट कंपनियों के प्रमोटर्स पर होमबायर्स से लिए गए पैसों के गबन का आरोप है। इन कंपनियों के प्रोजेक्ट्स रुके हुए हैं और हजारों होमबायर्स परेशान हैं। इनमें से कई कंपनियां दिवालिया हो चुकी हैं। इनमें सुपरटेक, यूनिटेक, जेपी इन्फ्रा, आम्रपाली और एचडीआईएल शामिल है। सुपरटेक और आरके अरोड़ा का नाम उस वक्त खूब चर्चा में आया, जब सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा के ट्विन्स टावर को ढहाने का आदेश दिया।

दिल दहलाने वाला मामला

## बेटों ने हथौड़े से तोड़े मां के हाथ पैर, पिता को भी जमकर पीटा

**अलवर, 28 जून (एजेंसियां)।** अलवर जिले के बीबीरानी थाना इलाके के खेड़ा गांव में एक दिल दहलाने देने वाला मामला सामने आया है। जहां दो कलयुगी बेटों ने जमीन अपने नाम करवाने के लिए मां के साथ हैवानियत की हद पर कर दी। आरोपी बेटों ने पत्नियों और बच्चों के साथ मिलकर पत्थर तोड़ने वाले हथौड़े से मां के दोनों पैर और हाथ तोड़ दिया। साथ ही मारपीट कर पिता को भी घायल कर दिया। बुजुर्ग दंपति को अलवर के सामान्य चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायल वृद्ध महिला की बेटी बीना ने बताया कि उसके पिता उदय चंद मेघवाल (65) और मां राजबाला (60) से उनके बेटे दिलीप और हितेंद्र जमीन अपने नाम कराना चाहते हैं। लंबे समय से दोनों भाई जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। जिसे लेकर पीड़ित उदय चंद की बेटियों ने थाने में शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे दोनों बेटों और बहुओं

### बहुओं-बच्चों ने भी की मारपीट



की हिम्मत और बढ़ गई। बुधवार सुबह पिता उदय चंद और माता राजबाला घर पर बैठे हुए थे, इस दौरान दिलीप और हितेंद्र ने अपनी पत्नियों के साथ मिलकर वृद्ध मां राजबाला पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उनके दोनों पैरों पर हथौड़े से वार किए। उन्होंने बचाव के लिए हाथ आगे किया तो हाथ पर भी हथौड़ा मारा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस बीच पत्नी का बचाव करने आए उदय चंद के साथ भी बेटे और बहुओं ने मारपीट कर दी। मारपीट में बुजुर्ग उदय चंद को भी चोटें आईं हैं। दोनों को गंभीर हालत में अलवर के सामान्य चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। आरोपी बेटे-बहुओं ने बुजुर्ग महिला राजबाला से मारपीट में हैवानियत की हदें पार कर दीं। डॉक्टर ने बताया कि बुजुर्ग महिला को जब हॉस्पिटल लाया गया था तो उनके पैर टूटकर लटके हुए थे और उनमें से खून बह रहा था। एक्सरे करने पर पता चला कि उनके पैरों की हड्डियों में मल्टीपल फ्रैक्चर हुए हैं। पैरों का ऑपरेशन कर रॉड डालनी पड़ेगी। हॉस्पिटल के स्टाफ ने बताया कि बुजुर्ग दंपति अस्पताल आने पर दर्द से करहा रहे थे। दोनों बार-बार बोल रहे थे कि भगवान ऐसी औलाद किसी को नहीं दे।

## स्मृति का राहुल के अमेरिका दौरे पर हमला

■ तस्वीर दिखा बताया सोरोस ओपेन सोसाइटी फाउंडेशन कनेक्शन



**नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने राहुल गांधी के अमेरिका दौरे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक तस्वीर के जरिये सुनीता विश्वनाथ के साथ राहुल की मौजूदगी दिखाई। सुनीता विश्वनाथ मानवाधिकार संगठन 'हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स' की सह-संस्थापक हैं। भारतीय अमेरिकी मुस्लिम परिषद जैसे संगठनों के साथ वह कई कार्यक्रमों की मेजबानी करती हैं। अमेरिकी एक्टिविस्ट सुनीता विश्वनाथ को तीन साल पहले अयोध्या में एंट्री से रोक दिया गया था। दो साल पहले उन्होंने लेख में कहा था कि भाजपा देश के हिंदुओं को झूठ बेच रही है कि 80 फीसदी हिंदू आबादी वाले देश में वे खतरे में हैं। वे तभी खुशहाल होंगे तब हिंदुत्व की विचारधारा का सपोर्ट करेंगे। सुनीता विश्वनाथ के संगठन 'वुमेन फॉर अफगान वुमेन' को सोरोस ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से फंडिंग की जाती है। बीजेपी कहती रही है कि सुनीता दिग्गज अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस की प्रतिनिधि के रूप में काम कर रही हैं। जॉर्ज सोरोस भारत सरकार पर हमलावर रहे हैं। इस बाबत उन्होंने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने एक तस्वीर दिखाई। उन्होंने दावा किया तस्वीर अमेरिका में ली गई। इसमें राहुल को सुनीता विश्वनाथ के साथ देखा जा सकता है। कुछ महीने जॉर्स सोरोस ने कहा था कि मोदी के नेतृत्व में भारत तानाशाही व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने 370 खत्म करने का भी विरोध किया था। सुनीता का रुख भी ऐसा ही है। तब बीजेपी ने कहा था कि सोरोस भारत के खिलाफ एजेंडा चला रहे हैं।


### भीतर के पन्नों पर खास


- ईडी ने सायनी घोष को तलब किया पृष्ठ 3
- सूक्ष्म उद्यमियों को 5 लाख का दुर्घटना बीमा कवच पृष्ठ 4
- मोदी कैबिनेट का किसानों को तोहफा पृष्ठ 8


### अजब गजब

#### नकारात्मकता का कचरा साफ़ करें

एक दिन देखता हूँ
मोबाइल चलते-चलते कभी
धीरे चलने लगता है,
तो कभी हैंग होने लगता है।
एक जानकार ने बताया
इसे हलका करना जरूरी है,
फोन ओवरलोड हो गया है।
इसलिए चलने में दिक्कत करता है।
मैंने बेकार की तस्वीरें,फाइलें,
डाटा डीलीट कर दिये।
चमत्कार सा हो गया।
फोन चलने ही नहीं, दौड़ने लगा।
फोन क्या चलने लगा,
दिमाग का इंजन दौड़ने लगा।
मन में आया यदि
अनपेक्षित सामग्री मिटाने से
एक निर्जीव फोन तीव्र गति से
चल सकता है,
तो मन में भरी हुई, जमी हुई
अनावश्यक यादगारें,
अप्रिय घटनाएँ, वैर विरोध की
भावनाएँ आदि-आदि
सारी नकारात्मकताएँ मिटा दी जाएँ,
भूला दी जाएं, तो
आत्मा का पट सद्विचारों,
सकारात्मकताओं के लिए
खाली हो जाए।
जीवन बहुत छोटा है।
क्यों न हम मन को हलका कर
जीवन रथ को सहज चलाए
और आनन्द से जीवन जीए जाए।








■ आज अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 29 व 27 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम व न्यूनतम आर्द्रता 88% तथा 69% रही। भारी बारिश हुई।

सूर्योदय : 4.54 सूर्यास्त : 6.24 बजे





● श्री श्री ईश्वर सत्यनारायण एवं अन्य देवगण 51, कॉटन स्ट्रीट, बड़ाबाजार में नि:शुल्क फिजियोथेरॉपी सुबह 8 से 10 बजे तक एवं नि:शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा सायं 5 से 7 बजे तक। सुबह 10.30 से 11 बजे तक नि:शुल्क भोजन 21 लोगों के लिए।

## शोक समाचार



**श्रीमती बिमला देवी मुरारका,** सिटी सेंटर रेजीडेंसी, डीसी-ब्लाक, साल्टलेक, कोलकाता का 27 जून, **श्रीमती राज बाला माधोगढ़िया,** गोगुल अपार्टमेंट, ब्लॉक-डी, 14, वाटकिस लेन, हावड़ा का 26 जून, **श्रीमती शांति देवी जोशी,** श्रीभगवती गार्डेन, ब्लाक-ए, 71/1, डीपीजीएम सरणी, हिन्दमोटर का 23 जून, **श्रीमती सम्पत देवी भडेरा,** 27 जून को परलोक गमन हो गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने हृदय में स्थान दें और परिवार को इस अपार दु:ख सहने की शक्ति दें।

'**शोक समाचार**' स्तंभ में शोक समाचार देने अथवा हमारे समाचार पत्र में शोक संबंधी विज्ञापन प्रकाशित करने को इच्छुक पाठक 9062771550 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## बंगाल की मुख्य खबरें

**कोलकाता, 28 जून (निप्र)।** आज पश्चिम बंगाल की मुख्य खबरें इस प्रकार रहीं :-

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य चुनाव आयोग को दी जानकारी-फिलहाल राज्य में केंद्रीय बलों की 800 कंपनियां भेजना संभव नहीं, 337 कंपनी बल के साथ चलाया जाए काम, कलकत्ता HC जाने की तैयारी में आयोग: सूत्र
- शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में TMC युवा अध्यक्ष सयानी घोष को 30 जून को ED ने किया तलब
- नॉर्थ बंगाल यूनिवर्सिटी में राज्यपाल सीवी आनंद बोस के काफिले के सामने TMCP समर्थक छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन, दिखाए काले झंडे, लगाए 'गो बैक' के नारे;13 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ गवर्नर की बैठक
- पंचायत चुनाव के लिए 11 जिलों में CRPF, 6 जिलों में CISF, 9 जिलों में BSF रहेगी तैनात, दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना, झारग्राम और नादिया में CRPF की होगी तैनाती, बांकुड़ा-वीरभूम में अधिक रहेगी बलों की संख्या; केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दी जानकारी
- मालदा में सोने की दुकान लूटकर भाग रहे डकैतों को रोक रहे सिविक वॉलेन्टियर की मौत
- कल्याणी जेएनएम अस्पताल में सीनियर डॉक्टरों ने जूनियर डॉक्टरों पर करोड़ों रुपये लूट का लगाया आरोप
- अधीर रंजन चौधरी का विस्फोटक दावा- पंचायत चुनाव के लिए छापे जा रहे फर्जी मतपत्र, मतपेटी बदलने की जताई आशंका
- केंद्रीय बलों की तैनाती विवाद पर कलकत्ता HC की टिप्पणी- 'हम छोटी-छोटी चीजों का हिसाब-किताब करने नहीं बैठे', 'कुछ ऐसा करें की लोगों को हो भरोसा'

# तृणमूल कार्यकर्ता को मारी गोली

***कूचबिहार, 28 जून (निप्र)।*** *कूचबिहार जिले के दीनहाटा में पंचायत चुनाव को लेकर हिंसा का दौर जारी है। मंगलवार देर रात गीतालदह गांव में गोली से लगने से तृणमूल वार्ड प्रत्याशी बिजली खातून के भाई साहिनूर गंभीर रूप से घायल हैं। तृणमूल कांग्रेस के अंचल अध्यक्ष माफूजर रहमान ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के समर्थक अपराधियों ने तृणमूल कार्यकर्ता को गोली मारी है। भाजपा ने इस आरोप को झूठा करार दिया है। भाजपा के दीनहाटा के मंडल अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस में आपसी मारामारी चल रही है। टिकट के कई दावेदार थे। वही लड़ रहे। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुकुमार राय ने भी इसे तृणमूल कांग्रेस की आपसी लड़ाई बताया है। इसी जिले में बांग्लादेश की सीमा से सटे गांव में मंगलवार की सुबह गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि पांच घायल हुए थे।*




*पंचायत चुनाव को लेकर प्रेस क्लब में 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम में माकपा के राज्य सचिव मो. सलीम। साथ में हैं क्लब के अध्यक्ष स्नेहाशीष सूर तथा सचिव किंशुक प्रमाणिक।* *विश्वमित्र*

# बढ़ सकता है राज्य के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी का कार्यकाल



**कोलकाता, 28 जून (निप्र)।** मुख्य सचिव एच.के. द्विवेदी की सेवानिवृत्ति को अब सिर्फ दो दिन बचे हैं। द्विवेदी की सेवानिवृत्ति को लेकर राज्य सरकार ने उनके कार्यकाल को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार को पत्र लिखा हैं, जिसका जवाब आना बाकी है। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर द्विवेदी के लिए सेवा विस्तार की मांग की है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि वे इस संबंध में केंद्र सरकार के जवाब का गुरुवार तक इंतजार करेंगे और फिर आगे की कार्रवाई पर फैसला करेंगे। राज्य कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि केंद्र की तरफ से हमें सकारात्मक जवाब मिलेगा। नये मुख्य सचिव की दौड़ में सबसे आगे वर्तमान अपर मुख्य सचिव गृह बी.पी. गोपालिका 1989 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वहीं, गोपालिका के उत्तराधिकारी के रूप में अपर मुख्य सचिव वित्त मनोज पंत और अपर मुख्य सचिव वन एवं पशु संसाधन विभाग विवेक कुमार का नाम चल रहा है। सूत्रों ने कहा कि अगर पंत नए गृह सचिव के रूप में कार्यभार संभालते हैं तो नए वित्त सचिव भूमि एवं भूमि सुधार और शरणार्थी एवं पुनर्वास सचिव स्मारकी महापात्रा होंगे। 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी द्विवेदी 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उन्होंने जून 2021 में अलपन बंदोपाध्याय के बाद मुख्य सचिव का पदभार संभाला था।



*इस्कॉन की उल्टा रथयात्रा पार्क स्ट्रीट इलाके से गुजरती हुई।* *विश्वमित्र*

# गौतम कुंडू के खिलाफ ईपीएफ गबन का मामला शुरू

**कोलकाता, 28 जून (निप्र)।** कोलकाता पुलिस की प्रवर्तन शाखा (ईबी) ने करोड़ों रुपये की चिट फंड इकाई रोज वैली ग्रुप के प्रमुख गौतम कुंडू के खिलाफ कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) गबन का एक नया मामला शुरू किया है। शहर के पुलिस सूत्रों ने कहा कि ताजा मामला 2014 में रोज वैली ग्रुप कंपनी के कर्मचारियों द्वारा दायर एक शिकायत पर शुरू हुआ। इन कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि भविष्य निधि के माध्यम से हर महीने उनके वेतन से कटौती की जाती थी, जिसे कभी भी भविष्य निधि के कार्यालय में जमा नहीं किया जाता था। कुंडू न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था, जो पश्चिम बंगाल में सक्रिय कई चिटफंड संस्थाओं के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के साथ समानांतर जांच कर रहा था, जिनमें से प्रमुख थे रोज वैली ग्रुप और सारदा समूह। शहर पुलिस सूत्रों ने कहा कि ईबी पुलिस पहले ही सुधार गृह परिसर में एक बार कुंडू से पूछताछ कर चुकी है। पूछताछ के दौरान उसने समूह कंपनी के कुछ शीर्ष कर्मचारियों की ओर उंगली उठाई है जो उस समूह इकाई के खातों को संभालते थे। शहर पुलिस ने अब कुंडू द्वारा नामित उन कर्मचारियों को एक के बाद एक बुलाने और मामले में उनसे पूछताछ करने का फैसला किया है। पिछले महीने ही ईडी ने रोज़ वैली घोटाले में एक पूरक आरोपपत्र दायर किया था, जिसमें समूह की 35 कंपनियों का नाम लिया गया था। आरोप पत्र में कुंडू की पत्नी सुभरा कुंडू का भी नाम था, जिन्हें इस मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। ईडी के अनुमान के मुताबिक, रोज़ वैली घोटाले में कुल फंड गबन लगभग 17,000 करोड़ रुपये है। राज्य में 34 साल के वाम मोर्चा शासन को समाप्त करने वाली ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली और तृणमूल कांग्रेस द्वारा संचालित सरकार के सत्ता में आने के एक साल बाद 2012 में राज्य विभिन्न चिट फंड संस्थाओं में घोटालों की बात सामने आने से हिल गया था। इस सिलसिले में केंद्रीय एजेंसियों ने सुदीप बंदोपाध्याय, मदन मित्रा और दिवंगत तापस पाल जैसे सांसदों और विधायकों सहित तृणमूल कांग्रेस के कई शीर्ष नेताओं को भी गिरफ्तार किया था।

# कुलपतियों की नियुक्ति मामले में हाईकोर्ट राज्यपाल के फैसले से सहमत

**कोलकाता, 28 जून (निप्र)।** 11 विश्वविद्यालयों में राज्यपाल की ओर से कुलपतियों की नियुक्ति के खिलाफ लगाई गई याचिका में राज्य सरकार को झटका लगा है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्यपाल के फैसले को ही सहमति दी है। राज्यपाल ने 11 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की थी जिसे लेकर राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी। कुलपतियों का वेतन भी राज्य सरकार की ओर से बंद कर दिया गया था और स्पष्ट कर दिया था गया था कि राज्य सरकार ने विधानसभा में विधेयक पेश कर यह फैसला लिया है कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति राज्यपाल नहीं बल्कि



मुख्यमंत्री होंगी। इसलिए राज्यपाल का इस बारे में फैसला वैध नहीं है। हालांकि बुधवार को इस मामले में मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्य सरकार के विधेयक को राजभवन की सहमति नहीं मिली है। इसलिए नियमानुसार अभी भी राज्यपाल राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं और कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार उन्हें है। इसलिए राज्य सरकार का फैसला मान्य नहीं होगा। खंडपीठ ने स्पष्ट कर दिया कि जो कुलपति राज्यपाल द्वारा नियुक्ति के बाद से कार्यभार संभाल कर ड्यूटी कर रहे हैं उन्हें नियमानुसार वेतन भी देना होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने राज्यपाल ने राज्य के 11 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की थी। राज्य सरकार ने आरोप लगाया था कि उनकी सहमति और सरकार की अनुशंसा के बगैर कुलपतियों की नियुक्ति की गई है। इसके बाद से शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी कर इन कुलपतियों का वेतन बंद करने की घोषणा की थी।

# टीएमसीपी ने राज्यपाल को दिखाया काला झंडा



**कोलकाता, 28 जून (निप्र)।** राज्यपाल सीवी आनंद बोस और ममता सरकार के बीच तनातनी किस तरह बढ़ गई है इसकी झलक आज एक बार फिर दिखी। सिलीगुड़ी स्थित नॉर्थ बंगाल यूनिवर्सिटी (एनबीयू) में राज्यपाल आनंद आज जब पहुंचे तो उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। टीएमसी के छात्र विंग तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद (टीएमसीपी) के कार्यकर्ताओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवग्रनम की नेतृत्व वाली एक बेंच ने राज्य शिक्षा विभाग की सहमति के बिना 11 राज्य विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति के राज्यपाल के फैसले को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया। 11 राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियों को पूरी तरह से वैध करार देने के अलावा, पीठ ने यह भी कहा कि इन कुलपतियों को वेतन, भत्ते और अन्य वित्तीय अधिकारों का भुगतान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। राज्यपाल का इन नवनियुक्त अंतरिम कुलपतियों के साथ विश्वविद्यालय परिसर में बैठक करने का कार्यक्रम था। हालांकि, जैसे ही राज्यपाल का काफिला विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचा, तृणमूल छात्र परिषद के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने गो-बैक के नारे लगाए और काले झंडे लहराए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्यपाल राज्य शिक्षा विभाग और उसके प्रतिनिधियों को दरकिनार कर राज्य में शैक्षणिक मानकों में सुधार कर सकते हैं। तृणमूल छात्र परिषद के अध्यक्ष तनय मजूमदार ने आरोप लगाया कि राज्यपाल वास्तव में अपने मनमाने फैसलों के जरिए राज्य के शैक्षणिक माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। वह अपनी स्वतंत्र इच्छा के अनुसार कार्य कर रहे हैं। इसलिए हमने आज विरोध किया और उन्हें काले झंडे दिखाए। हम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में चाहते हैं। राज्यपाल भाजपा नेता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि वे राज्य शिक्षा विभाग को दरकिनार कर कुलपतियों की अवैध नियुक्तियों का विरोध कर रहे थे। हालांकि, आखिरकार राज्यपाल परिसर में दाखिल हुए और तय कार्यक्रम के मुताबिक बैठक में शामिल भी हुए। इधर मामले पर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस बाबत किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। हम मामले को देख रहे हैं और देख रहे हैं कि सुरक्षा में यह चूक कैसे हुई।

## दिनहाटा में मृत व्यक्ति बांग्लादेशी : निशीथ

**कोलकाता, 28 जून (निप्र)।** कूचबिहार के दिनहाटा में फायरिंग की घटना में मारे गए व्यक्ति को सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस अपना कार्यकर्ता बता रही है। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रामाणिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया है कि जो व्यक्ति मारा गया है वह बांग्लादेश का नागरिक है और अंतरराष्ट्रीय अपराधी है। उन्होंने प्रेस वार्ता के समय मारे गए व्यक्ति का बांग्लादेशी वोटर कार्ड भी दिखाया है। मारे गए व्यक्ति का नाम बाबू हक है। कूचबिहार के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सनी राज ने कहा है कि शीतलदह की घटना में स्थानीय दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई थी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई है। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी बयान देते हुए कहा था कि मुझे जानकारी मिली है कि कूचबिहार में भी एक व्यक्ति को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया है।

**CHANGE OF NAME**

I, Alokk Mukim alias Aloke Kumar Mukim, S/o, Shri Ashok Kumar Mukim residing at 7/2, Short Street, Kolkata-700017 do hereby solemnly affirm and declare in the Before The Notary Public Govt of india affidavit No. 31AA954496 dated 28th June, 2023. That in some relevent papers and documents my name is recorded as ALOKE KUMAR MUKIM and some relevent papers and documents my name is recorded as ALOKK MUKIM. That ALOKE KUMAR MUKIM and ALOKK MUKIM is the same and one identical person, indicating me and not different person.

# तृणमूल युवा प्रमुख सयानी घोष को ईडी ने किया तलब

**कोलकाता, 28 जून (निप्र)।** ईडी ने अब स्कूल भर्ती घोटाले में तृणमूल कांग्रेस की युवा इकाई की अध्यक्ष और अभिनेत्री सायोनी घोष को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। उन्हें शुक्रवार को सीजीओ कंपलेक्स स्थित ईडी दफ्तर में हाजिर होने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, ईडी के अधिकारियों को कई अहम सुराग मिलने के बाद ही सयानी को नोटिस जारी किया गया है। उनके और निष्कासित युवा कांग्रेस नेता कुंतल घोष के बीच कुछ व्हाट्सएप चैट एजेंसी के हाथ लगे हैं। कुंतल घोष वर्तमान में स्कूल भर्ती मामले में कथित संलिप्तता के कारण न्यायिक हिरासत में हैं। इसके अलावा सयानी घोष और कुंतल घोष के बीच संपत्ति की खरीद से संबंधित कुछ बैंकिंग लेनदेन पाए गए हैं। कुंतल घोष के मोबाइल फोन से व्हाट्सएप चैट हिस्ट्री बरामद की गई है। सयानी घोष बांग्ला सिल्वर स्क्रीन जगत की पहली



सेलिब्रिटी नहीं हैं जिन्हें स्कूल भर्ती मामले में ईडी के अधिकारियों ने तलब किया है। इस साल मार्च में अभिनेता बोनी सेनगुप्ता से केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने इसी तरह पूछताछ की थी। सेनगुप्ता ने ईडी अधिकारियों को बताया कि उन्हें अपना नया हाई-एंड प्रीमियम वाहन खरीदने के लिए घोष से 40 लाख रुपये का ऋण मिला था। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने घोष द्वारा आयोजित कम से कम 20 कार्यक्रमों में प्रदर्शन करके ऋण चुकाया। हालांकि, वह इस तरह के समझौते का कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। बाद में सेनगुप्ता ने घोष को 40 लाख रुपये भी लौटा दिये। सयानी घोष को पूछताछ के लिए ईडी के नोटिस पर राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। राज्य तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने आगामी पंचायत चुनावों के लिए पूर्ण प्रचार अभियान के बीच नोटिस भेजने पर सवाल उठाया है।एक अधिकारी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान घोष का नाम कई बार सामने आया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास इस घोटाले में गिरफ्तार एक आरोपी के साथ कई लेन-देन में घोष की संलिप्तता के सबूत हैं।

# अनियंत्रित बस ने आठ गाड़ियों को मारी टक्कर




**कोलकाता, 28 जून (निप्र)।** महानगर कोलकाता में आज दोपहर एक यात्री बस नियंत्रण खोकर एक के बाद एक आठ गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसा बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एसपी मुखर्जी रोड पर हुआ। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन हादसे से इलाके में दहशत फैल गई। बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन बस का कंडक्टर और खलासी फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब 12:15 बजे यात्रियों से भरी बस चारू मार्केट से एक्साइड जा रही थी। तभी टालीगंज आने से थोड़ा पहले बस अनियंत्रित हो गयी। बस ने अपने सामने आठ गाड़ियों को टक्कर मार दी। इनमें चार पहिया और दोपहिया वाहन भी शामिल थे। हालांकि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बस चालक नशे में था या यांत्रिक कारणों से यह घटना हुई।

न्यायालय, श्रीमान् सबजज-5, नवादा
प्रसंग बंटवारा वाद सं. 183/2018
मकसूद आलम... .............वादी
बनाम
महमूद आलम एवं अन्य... प्रतिवादीगण
**नोटिस बनाम**
1. महमूद आलम पिता स्व0 निजाम उद्दीन पता मुहल्ला निलमोनी हलदर लेन, मकान नं. 6/14 एच बी कोलकाता-13 पश्चिम बंगाल, पिन कोड-700 013 2. जिआउल हक 3. एकरामुल हक 4. एजाजुल हक तीनों पिता स्व0 अलाउद्दीन कादरी वर्तमान पता मुहल्ला फेयरलेन चूना गली मकान नं. 18 बी कोलकाता 12 (पश्चिम बंगाल) पिन कोड 700 012
यूं वजरीये इस नोटिस से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी ने आप सबों के विरुद्ध प्रस्तुत वाद लाया है। न्यायालय के द्वारा आपलोगों को साधारण एवं निबंधित डाक से सम्मन भेजा जा चुका है किन्तु आपलोग वाद में उपस्थित नहीं हुए हैं। आपको इस गजट प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 26.7.23 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करें अन्यथा वाद की कार्रवाई एकपक्षीय सुनवाई कर दी जायेगी। इसे अति आवश्यक समझें।
सबजज-5
व्यवहार न्यायालय नवादा



*सर्दी हो या गर्मी या बरसात, हर समय निगहबान....। मैदान इलाके में वर्षा के दौरान चौकसी बरत रहे घुड़सवार पुलिस के जवान।* *विश्वमित्र*

# कोलकाता समेत जिलों में बारिश से जनजीवन प्रभावित

**कोलकाता, 28 जून (निप्र)।** महानगर और उसके आसपास के स्थानों पर मंगलवार की रात से जारी बुधवार को भारी बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ जगह-जगह पानी भर जाने के कारण लोगों को सुबह अपने कार्यालयों के लिए निकलते समय भारी जाम का सामना करना पड़ा। महानगर के बड़ाबाजार, खिदिरपुर, काकुरगाछी, दमदम पोर्ट अंचल आदि इलाकों में घुटनों से अधिक पानी जमा हुआ है। मौसम विज्ञान विभाग ने दक्षिण और उत्तर बंगाल के कई इलाकों में और भारी बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है आज सुबह साढ़े आठ बजे तक बीते 24 घंटे में राज्य में सबसे अधिक 214.3 मिलीमीटर बारिश डायमंड हार्बर में हुई वहीं कैनिंग में 58.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। ये दोनों शहर राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले में आते हैं कोलकाता में 40.4 मिलीमीटर बारिश हुई, लगातार बारिश के कारण शहर में कई इलाकों में पानी भर गया जिससे यातायात प्रभावित हुआ। कुछ स्कूलों ने मौजूदा स्थिति देखते हुए छुट्टी की घोषणा की है कम संख्या में सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध होने के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विज्ञान विभाग ने बृहस्पतिवार सुबह तक दक्षिण और उत्तर 24 परगना के तटीय जिलों में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है विभाग के अनुसार, अगले दो दिन में जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार जिलों में भारी बारिश होने के आसार हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

जनसाधारण को एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल गुरवीर सिंह अहलुवालिया, मालिक-'वीर रिसोर्सेज', जिनका कार्यालय अवंतिका अपार्टमेंट, तृतीय तल, फ्लैट 3बी, 140बी, शरत बोस रोड, कोलकाता-700 029 ने श्री प्रमोद चौधरी, 5/593 पूर्णादास रोड एवं श्री अनूप कुमार घोष, 118, के.एन. सेन रोड, कोलकाता-700 042, जो कि निम्नोक्त भूमि के संयुक्त मालिक हैं, से परिसर सं. 31, डॉ. जीएस बोस रोड, वार्ड सं. 67, कोलकाता-700 039 के तहत केएमसी की सीमा में मौजा-कस्बा, थाना-कस्बा, जे.एल. सं. 13 में खतियान सं. 411 एवं 1349 में दाग सं. 5035 एवं 1758 के तहत लगभग 2 कट्ठा 7 छटांक 29 वर्गफीट कमोबेश माप की भूमि को खरीदने को तैयार हैं। इस संबंध में उक्त भूमि के प्रति यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों अथवा किसी प्राधिकरण/प्राधिकरणों का कोई दावा एवं/या मांग है, तो ऐसी स्थिति में उनसे इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी से उचित दस्तावेजों के साथ संपर्क करने का अनुरोध किया जाता है, उसके बाद कोई भी दावा एवं/ या मांग तथा/या शिकायत को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**श्री संदीप कुमार दत्त**
अधिवक्ता
6, ओल्ड पोस्ट ऑफिस स्ट्रीट
बेसमेंट, कमरा सं. 28
कोलकाता-700 001

### उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति–2023 को मिली मंजूरी

**लखनऊ, 28 जून (एजेंसियां)।** योगी सरकार ने आज उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति, 2023 को लागू किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति, 2023 लागू होने से निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। जन–सामान्य के लिए उचित मूल्य पर आर्थिक, सामाजिक, एवं पर्यावरणीय दृष्टि से बेहतर गुणवत्ता वाली नागरिक सुविधाओं से युक्त अत्याधुनिक टाउनशिप की सुविधा उपलब्ध होगी।

# व्यापार

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)।** वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर आज जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## ग्राहक खरीदना चाहते हैं सुरक्षा रेटिंग वाली कार

**सिलीगुड़ी, 28 जून (नि.प्र.)।** ग्राहकों के बीच अपनी पर्सनल कार को चुनने को लेकर एक सर्वे किया गया। उनकी प्राथमिकताओं को समझने के लिए यह सर्वे स्कोडा ऑटो इंडिया द्वारा कमीशन किया गया और एनआईक्यू बेसेस द्वारा पूरा किया गया। इस सर्वे में ग्राहकों का सुरक्षा फीचर की ओर गहरा झुकाव देखने को मिला और हर 10 में से 9 ग्राहकों का मानना था कि भारत में सभी कारों की सुरक्षा रेटिंग होनी चाहिए। सर्वे में सामने आया कि ग्राहकों द्वारा कार खरीदने के निर्णय को प्रभावित करने वाले दो सबसे महत्वपूर्ण पहलू क्रैश रेटिंग और एयरबैग्स की संख्या थे। सबसे लोकप्रिय विशेषताओं में से एक, फ्यूल एफिशियंसी तीसरे स्थान पर थी। पेट्र सोल्क, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहा, ''स्कोडा में हमारे लिए सुरक्षा हमारे डीएनए का हिस्सा है और यह सुरक्षित कार बनाने का हमारा सिद्धांत है। क्रैश टेस्ट और सुरक्षा के लिए हमारी 50 साल से ज्यादा समय की विरासत है।

## वी बिज़नेस का रुरैडी फॉर नेक्स्ट 2.0 लांच

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** एमएसएमई (लघु एवं मध्यम उद्योग) भारत की अर्थव्यवस्था का एक तिहाई हिस्सा बनाते हैं और देश के आत्मनिर्भर एजेंडा के मुख्य स्तंभों में से एक हैं। ऐसे समय में जब कारोबारों से लिए अपना अस्तित्व बनाए रखने एवं विकसित होने के लिए डिजिटल रूपान्तरण ज़रूरी हो गया है, सरकार भी एमएसएमई सेक्टर की मुख्य चुनौतियों को हल करने के लिए डिजिटल एवं टेक्नोलॉजी के अडॉप्शन पर ज़ोर दे रही है। विश्व एमएसएमई दिवस के मौके पर आज भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया की एंटरप्राइज़ शाखा वी बिज़नेस ने अर्थव्यवस्था के समावेशी विकास के लिए एक बार फिर से एमएसएमई के डिजिटलीकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। प्रोग्राम पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अरविंद नेवटिया, चीफ़ एंटरप्राइज़ बिज़नेस ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, ''लघु एवं मध्यम उद्योग भारत के जीडीपी (सकल घरेलु उत्पाद) में लगभग 30 फीसदी योगदान देते हैं। इस सेक्टर में तेज़ी से डिजिटलीकरण हुआ है, लेकिन फिर भी महामारी के बाद डिजिटल मैच्योरिटी इंडैक्स मात्र 55 से 60 फीसदी बना हुआ है।

## टाटा प्ले बिंज की 27 ऐप्स की सेवा

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** टाटा प्ले बिंज पर 27 ऐप्स की सेवा उपलब्ध होने के बाद यह देश में सबसे बड़ा ओटीटी सेवा प्रदाता बन गया है और ओटीटी सेवाएं प्राप्त करने का अनुभव आसान बना रहा है। टाटा प्ले बिंज के साथ उपभोक्ताओं को अपनी पसंद के कार्यक्रम मोबाईल, डेस्कटॉप, टेबलेट या टीवी पर देखने की सुविधा एक सदस्यता (सब्सक्रिप्शन), एक खोज और एक ऐप में मिल गई है। टाटा प्ले बिंज पर 13 भाषाओं में 27 लोकप्रिय राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ऐप्स की असीमित सेवाएं मिलेंगी, जिसके लिए डीटीएच सदस्यता लेने की भी जरूरत नहीं होगी। इनमें डिज़्नी+ हॉटस्टार, ज़ी5, सोनीलिव, जियो सिनेमा, हॉलमार्क, एमएक्स प्लेयर, लॉयन्सगेट प्ले, अहा, व्रॉट, सननैक्स्ट, रीलड्रामा, वूट किड्स, चौपाल, नम्मा फ्लिक्स, प्लैनेट मराठी, मनोरमामैक्स, कूडे, तरंग प्लस, हंगामा प्ले, ईरोज़ नाउ, शेमारूमी, क्यूरियोसिटी स्ट्रीम, एपिक ऑन, ट्रैवलएक्सपी, डॉक्युबे, शॉर्ट्सटीवी और गेमिंग शामिल हैं। पूरे परिवार का मनोरंजन करने के लिए टाटा प्ले बिंज एक ही सदस्यता में एक साथ अधिकतम चार दर्शकों को अलग–अलग कार्यक्रम देखने की सुविधा प्रदान करता है। ब्रांड की इस नई उपलब्धि के बारे में श्री हरित नागपाल, एमडी एवं सीईओ, टाटा प्ले ने कहा, ''बहुत सारे ऐप्स की अलग–अलग सदस्यता (सब्सक्रिप्शन) से ओटीटी के दर्शकों को अपनी पसंद का कार्यक्रम खोजना और देखना बहुत मुश्किल हो जाता है।

# सूक्ष्म उद्यमियों को 5 लाख का दुर्घटना बीमा कवर

**लखनऊ, 28 जून (एजेंसियां)।** एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहित कर रही उत्तर प्रदेश सरकार ने अब सूक्ष्म उद्यमियों को पांच लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को 'मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके अंतर्गत पात्र सूक्ष्म उद्यमी की दुर्घटना में मृत्यु होने या अपंगता पर पांच लाख रुपए तक का दावा किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में स्थापित कुल एमएसएमई इकाइयों का लगभग 15 प्रतिशत ही औपचारिक रूप से उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं और 85 प्रतिशत इकाइयां अनौपचारिक रूप से कार्यरत हैं। उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य न होने के कारण इन इकाइयों के आंकड़े औपचारिक रूप से उपलब्ध नहीं होते हैं। औपचारिक आंकड़ों की उपलब्धता न होने से इस



क्षेत्र का आर्थिक योगदान वास्तविक रूप से प्रदर्शित नहीं हो पाता, वहीं नीति निर्धारण में भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते योगी सरकार ने सूक्ष्म उद्यमियों को राहत देने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से 60 वर्ष के सूक्ष्म श्रेणी के उद्यमियों द्वारा आवेदन किया जा सकता है। इसमें ऐसे सूक्ष्म उद्यमियों को आच्छादित किया जाएगा जो जीएसटी विभाग के द्वारा संचालित व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना का लाभ पाने के पात्र नहीं हैं। योजना के अंतर्गत दुर्घटना के चलते यदि किसी सूक्ष्म उद्यमी की मृत्यु होती है तो उसके परिजनों को पांच लाख रुपए तक की आर्थिक मदद प्राप्त हो सकेगी। दुर्घटना में स्थाई अपंगता पर भी पांच लाख रुपए तक की आर्थिक मदद का प्राविधान है वहीं आंशिक अपंगता पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र में विकलांगता प्रतिशत के अनुसार राहत राशि प्राप्त होगी।

## एमेज़ॉन की ऑनलाइन सरल रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** एमेज़ॉन इंडिया ने एक स्ट्रीमलाईंड रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पेश की है, जो न केवल भारत में सैलर्स का ऑनबोर्डिंग का अनुभव आसान बना देगी, बल्कि ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया पूरी करने के लिए समझदार सुझाव भी प्रदान करेगी। इस नई व बेहतर प्रक्रिया द्वारा सैलर्स आसानी से एमेज़ॉन.इन पर रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे और केवल एक स्मार्टफोन की मदद से सैलिंग का सफर शुरू कर सकेंगे। यह न केवल जानकारी को पहले से फिल कर देता है, बल्कि फिल करने के लिए सर्वश्रेष्ठ सुझाव भी देता है, जिसमें मशीन लर्निंग जनरेटेड स्टोर नाम और शिपिंग की प्रिफरेंस शामिल हैं। इसकी मदद से हाथों हाथ सपोर्ट के साथ रजिस्ट्रेशन की सुगम और प्रभावशाली प्रक्रिया संभव बनती है, और उनकी शंकाओं व चिंताओं का समाधान होता है। अमित नंदा, डायरेक्टर, सैलिंग पार्टनर सर्विसेज़, एमेज़ॉन इंडिया ने कहा, ''ऑनलाईन बिज़नेस शुरू करने में पहला कदम है रजिस्ट्रेशन और ऑनबोर्डिंग का। यह कदम उन छोटे व्यवसायों के लिए बहुत मुश्किल होता है, जो ईकॉमर्स के क्षेत्र में नए हैं।

## एमजी मोटर के स्टार्टअप इंडिया के विजेता घोषित

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** आज एमजी मोटर इंडिया ने फिनाले के विजेताओं की घोषणा के साथ एमजी डेवलपर प्रोग्राम और ग्रांट सीज़न 4.0 का समापन किया। इलेक्ट्रिक वैहिकल्स – इनोवेट फॉर इंडिया की थीम के साथ इस प्रोग्राम का लॉन्च स्टार्टअप्स, डेवलपर्स, और इनोवेटर्स के लिए एक इनोवेशन प्लेटफॉर्म का विस्तार करने के उद्देश्य से किया गया था, ताकि भारत में ग्राहकों के लिए नए विचारों और कहानियों की पाईपलाईन स्थापित हो सके। इस अवसर पर गौरव गुप्ता, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, एमजी मोटर इंडिया ने कहा, ''एमजी ब्रांड इनोवेशन को मुख्य आधार मानकर हरित मोबिलिटी पर केंद्रित है, और एमजीडीपी एस4 का उद्देश्य प्रतिभागियों और विचारकों के बीच ज्ञान का आदान–प्रदान बढ़ाना, अपने विचारों को जीवंत बनाना और भारत को इनोवेशन एवं टेक्नॉलॉजी के केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है।

## शाओमी का ईडीआईआई के साथ समझौता

**बेंगलुरु २८ जून (एजेंसियां)।** देश के बेहतरीन स्मार्टफोन और स्मार्ट टीवी ब्रांड शाओमी इंडिया ने अपने स्पार्क नामक प्रोजेक्ट जो युवा लोगों के लिए आर्थिक संभावनाओं को बढ़ाने पर ध्यान देगा उसके लिए एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ( ईडीआईआई), अहमदाबाद – एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट में राष्ट्रीय संसाधन केंद्र के साथ साझेदारी की है। इस प्रोजेक्ट का पहला चरण कर्नाटक और महाराष्ट्र के लगभग 600 युवाओं के साथ शुरू होगा। इस साझेदारी का मुख्य कारण मोबाइल फोन हार्डवेयर जैसे क्षेत्रों में व्यापक प्रशिक्षण देना जिसमें पहनने वाले उपकरण और सहायक उपकरण मरम्मत तकनीशियन, और टीवी मरम्मत तकनीशियन के प्रशिक्षण शामिल हैं उसके साथ कौशल विकास कार्यक्रमों के द्वारा सीखने के अवसर देना, व्यक्तिगत सशक्तिकरण करना, सक्रिय नागरिकता मूल्य और रोजगार के कौशल देकर उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। यह प्रस्ताव भाग लेने वालों को आत्मनिर्भर उद्यमी बनने में सक्षम और सशक्त बनाता है। शाओमी इंडिया के अध्यक्ष श्री मुरलीकृष्णन बी ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम देश के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर बनाने के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। ईडीआईआई के साथ यह साझेदारी युवा व्यक्तियों को स्वयं का पालन–पोषण करने लायक और सशक्त बना कर उन्हें भविष्य के कार्यबल के रूप में मज़बूत करने और युवा रोजगार दर पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए एक मंच देगा।

## टाटा मोटर्स फाईनेंस का फाईसर्व के साथ करार

**नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)।** भारत के अग्रणी ऑटोमोटिव फाईनेंसर्स में से एक, टाटा मोटर्स फाईनेंस लिमिटेड (टीएमएफएल), पेमेंट्स एवं फाईनेंशल सर्विसेज़ टेक्नॉलॉजी समाधानों के अग्रणी वैश्विक प्रदाता, फाईसर्व, इंक. के साथ अपनी नई साझेदारी द्वारा डिजिटल लेंडिंग क्षमताओं को मजबूत कर ग्राहकों के लिए शानदार अनुभव सुनिश्चित कर रहा है। अपनी डिजिटल योजना का विकास करने और ग्राहकों की तेजी से बदलती अपेक्षाओं के अनुरूप, टाटा मोटर्स फाईनेंस ने फाईसर्व के फर्स्टविज़न का क्रियान्वयन किया है, जो डिज़िटल यूज़र अनुभव के तालमेल में सहयोग करने वाले एपीआई के साथ एक माईक्रोसर्विसेज़ आधारित प्लेटफॉर्म–एज़–ए–सर्विस है। टाटा मोटर्स फाईनेंस के एमडी एवं सीईओ, सम्राट गुप्ता ने कहा, ''हमें अपने ग्राहकों के लिए अंतिम छोर तक इनोवेटिव सेवा के अवसरों का विकास करने के लिए फाईसर्व के साथ सहयोग करने की खुशी है।'' ईवो डिस्टलब्रिक, एग्ज़िक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट एवं हेड ऑफ एशिया पैसिफिक, फाईसर्व ने कहा, ''भारत में वित्तीय संस्थान डिजिटल परिवर्तन का नेतृत्व कर रहे हैं।

# सेंसेक्स व निफ्टी नए शिखर पर

**मुंबई, 28 जून (एजेंसियां)।** वैश्विक बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर टाटा टेक्नोलॉजीज के आईपीओ को सेबी की मंजूरी, चालू खाता घाटा (सीएडी) कम होना और एचडीएफसी एवं एचडीएफसी बैंक के विलय की तिथि नजदीक आने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर पहुंच गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स के आज कारोबार के दौरान 64 हजार अंक के पार के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद मुनाफावसूली के दबाव में आने के बावजूद अंत में 499.39 अंक अर्थात 0.79 प्रतिशत की तेजी लेकर 63,915.42 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी पहली बार 19 हजार अंक को पार गया। अंत में 154.70 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की उड़ान भरकर नई ऊंचाई 18,972.10 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.73 प्रतिशत उछलकर 28,584.84 अंक और स्मॉलकैप 0.08 प्रतिशत बढ़कर 32,437.88 अंक पर पहुंच गया। बीएसई में कुल 3628 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1790 में लिवाली जबकि 1709 में बिकवाली हुई वहीं 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 42 कंपनियों में तेजी जबकि शेष आठ में गिरावट रही।



सेंसेक्स
63915.42
+499.39


विश्लेषकों के अनुसार, पूंजी बाजार नियामक सेबी ने टाटा टेक्नोलॉजीज के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंजूरी दे दी है। साथ ही 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में देश का चालू खाता घाटा कम रहा है। वहीं, एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के विलय की प्रस्तावित तिथि 01 जुलाई के नजदीक आने से निवेशकों को निवेश धारणा काफी मजबूत रहा है। बाजार में आई तूफानी तेजी में इन कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बीएसई के सभी 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.73, सीडी 0.64, ऊर्जा 0.83, हेल्थकेयर 0.90, यूटिलिटीज 0.76, ऑटो 0.88, कैपिटल गुड्स 1.14, तेल एवं गैस 0.85 और पावर समूह के शेयर 1.02 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तेजी का रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.55, जर्मनी का डैक्स 0.73, जापान का निक्केई 2.02 और हांगकांग का हैंगसैंग 0.12 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट गिरकर बंद हुआ। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 586 अंक की तेजी लेकर 63,701.78 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से 63,554.82 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं लिवाली होने से यह दोपहर बाद 64,050.44 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 63,416.03 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## खबरें पास-पड़ोस की

### मेट्रो गुरुवार को 'ईद–उल–अज़हा' के अवसर पर ब्लू लाइन पर 234 सेवाएं चलाएगी

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** मेट्रो रेलवे उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर (ब्लू) में 288 दैनिक सेवाओं के बजाय, 'ईद–उल–अज़हा (बकरीद)' की छुट्टी के अवसर पर 29.06.2023 (गुरुवार) को 234 (117 अप + 117 डाउन) सेवाएं चलाएगा। पंक्ति)। इन 234 सेवाओं में से 160 सेवाएं दक्षिणेश्वर के लिए और वहां से चलेंगी। इस लाइन में पहली और आखिरी सेवाओं का समय अपरिवर्तित रहेगा। प्रथम सेवा:- 06:50 बजे। दमदम से कवि सुभाष तक. (अपरिवर्तित), 06:50 बजे। कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक। (अपरिवर्तित), प्रातः 06:55 बजे। दमदम से दक्षिणेश्वर तक. (अपरिवर्तित), प्रातः 07:00 बजे. दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक। (अपरिवर्तित) अंतिम सेवा:- 21:28 बजे। दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक। (अपरिवर्तित), 21:30 बजे. कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक। (अपरिवर्तित), 21:40 बजे। दमदम से कवि सुभाष तक। (अपरिवर्तित), 21:40 बजे. कवि सुभाष से दमदम तक. (अपरिवर्तित), ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर (ग्रीन लाइन) पर कल सामान्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

### व्याख्यान सह परिचर्चा सत्र का आयोजन



**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** कमलादेवी सोहनराज सिंघवी जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन की ओर से 'वेल्यू एजुकेशन- द नीड ऑफ द ऑवर : स्टर्डे, टुडे एंड टुमारो' थीम पर एकदिवसीय व्याख्या सह परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केएसएस जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष सोहनराज सिंघवी, एस एस जैन सभा के सचिव अशोक मिन्नी सेंट जेवियर्स कॉलेज (ऑटोनोमस) कोलकाता के शिक्षा विभाग एसोसियेट प्रोफेसर डा. मनीन्द्र मुखर्जी, केएसएस जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रिंसिपल डा. साधना झा उपस्थित थीं। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डा. साधना झा ने दिया तथा प्रो. पियाली बनर्जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### डीएफआई का 26वां संस्करण आज से

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** दुबई का लंबे समय से प्रतीक्षित दुबई समर सरप्राइज (डीएसएस) गर्मियों के मौसम को आश्चर्यजनक 67 दिनों के शुद्ध मनोरंजन और उत्साह से भरने के लिए जल्द ही शहर में अपनी भव्य वापसी करेगा। दुबई फेस्टिवल्स एंड रिटेल एस्टेब्लिशमेंट (डीएफआरई) द्वारा आपके लिए लाया गया डीएसएस का इस वर्ष का 26वां संस्करण 29 जून से शुरू होकर 3 सितंबर तक चलेगा, जिसकी रोमांचक प्रस्तुतियां यहां के निवासियों और मेहमानों दोनों को आश्चर्यचकित कर देगीं। संगीत समारोहों, ईवेंट्स और अद्भुत अनुभवों के आयोजनों से मंत्रमुग्ध होने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि डीएसएस ईद अल अधा के आनंदमय उत्सवों के साथ एक जश्न की शुरुआत के साथ वापस आ रहा है। विस्मयकारी गर्मियों के लिए खुद को तैयार करें, जिसमें जीवन बदलने वाले रैफल्स, अविस्मरणीय रिटेल प्रमोशन, खानपान के विविध विकल्पों के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के होटलों और आकर्षणों में बच्चों के लिए फ्री ऑफर सहित बेहतरीन प्रमोशन, अर्ली बर्ड ऑफर, और पूरे परिवार के लिए अच्छे अनुभव शामिल हैं, जो दुबई के सबसे प्रतिष्ठित मॉल और हलचल वाले स्थलों में होंगे। दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए धमाकेदार शुरुआत करते हुए, 1 जुलाई को कोका–कोला एरेना में ईद अल अधा के जश्न में अविश्वसनीय संगीत दिग्गज हुसैन अल जास्मी और कादिम अल साहिर के साथ डीएसएस ओपनिंग संगीत कार्यक्रम होगा। गेट रात 8 बजे खुलेंगे, जबकि शो रात 9 बजे शुरू होंगा।

## मेट्रो रेल में मॉक रेल ड्रिल सह प्रशिक्षण

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** मेट्रो रेलवे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय और देखभाल करता है। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक श्री पी उदय कुमार रेड्डी किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए 'शहर की जीवन रेखा' में अपनाए गए सुरक्षा मापों की नियमित रूप से निगरानी और समीक्षा करते हैं। सुरंगों के अंदर या पुल पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के मेट्रो कर्मचारियों की तैयारियों की जांच करने के लिए, ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन पर नियमित मॉक ड्रिल आयोजित की जाती है। मेट्रो रेलवे के फील्ड स्टाफ के लिए ऐसा एक मॉक ड्रिल सह प्रशिक्षण



आज यानी 28.06.2023 को ईस्ट–वेस्ट मेट्रो के सेंट्रल पार्क डिपो में वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में आयोजित किया गया था। इस अभ्यास में मेट्रो कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया कि पटरी से उतरने की स्थिति में कोचों को कैसे पटरी पर लाया जाए और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल की जाए। इस मॉक ड्रिल में यातायात, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल और दूरसंचार, आरपीएफ और अग्निशमन एवं सुरक्षा विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। यह उम्मीद की जाती है कि इस तरह के अभ्यास से किसी भी आपातकालीन स्थिति का जवाब देने और बचाव समय को कम करने और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मेट्रो कर्मचारियों के कौशल और सतर्कता में सुधार होगा।

### गुरारू स्टेशन पर रूकेगी बरकाकाना–पटना–बरकाकाना पलामु एक्सप्रेस

**हाजीपुर, 28 जून (नि.प्र.)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 13347/13348 बरकाकाना–पटना–बरकाकाना पलामु एक्सप्रेस का पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गुरारू स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। दिनांक 29.06.2023 से गाड़ी संख्या 13347 बरकाकाना–पटना पलामु एक्सप्रेस 05.25 बजे गुरारू स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 05.27 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी संख्या 13348 पटना–बरकाकाना पलामु एक्सप्रेस 23.02 बजे गुरारू पहुंचकर 23.04 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

### एनआई कार्य से ट्रेनें नियंत्रित


**हाजीपुर, 28 जून (नि.प्र.)।** मुरादाबाद मंडल में लूप लाइन के कमीशनिंग हेतु अलगावन स्टेशन पर एनआई कार्य किया जाना है। इस कारण त्रिवेणी एक्सप्रेस का परिचालन निम्न तिथियों को रद्द रहेगा - 15074/76 टनकपुर–सिंगरौली/शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस का परिचालन 29.06.2023 से 04.07.2023 तक रद्द। 15073/75 सिंगरौली/शक्तिनगर–टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस का परिचालन 30.06.2023 से 05.07.2023 तक रद्द।

### शताब्दी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त विस्टाडोम कोच जोड़ा जाएगा

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** बेहतर आराम और अधिक यात्रियों को समायोजित करने के लिए, रेलवे ने 03.07.2023 से अस्थायी आधार पर हावड़ा और न्यू जलपाईगुड़ी से प्रस्थान करने वाली 12041/12042 हावड़ा – न्यू जलपाईगुड़ी – हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के साथ एक (01) अतिरिक्त विस्टाडोम कोच (एसी चेयर कार) बढ़ाने का निर्णय लिया है। 31.08.2023 तक (रविवार को छोड़कर)। इस प्रकार, हावड़ा–न्यू जलपाईगुड़ी–हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस 14 कोचों के बजाय 15 कोचों के साथ चलेगी।

### मोरारी बापू के आह्वान पर रेल हादसे के प्रभावितों को आर्थिक सहयोग

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** गत 2 जून, 2023 को ओडिशा के बहनागा, बालासोर में हुई भीषण रेल दुर्घटना में करीब 288 यात्रियों की मृत्यु हुई थी और 1653 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसी दौरान बेलूर मठ, पश्चिम बंगाल में हो रही रामकथा के दौरान व्यासपीठ से पूज्य मोरारी बापू ने पीड़ित लोगों की मदद के लिए श्रोताओं से आह्वान किया जिसके फलस्वरूप देश–विदेश के विभिन्न श्रोताओं ने मदद के रूप में अपना सहयोग दिया। इस प्रकार करीब 1 करोड़ की धनराशि एकत्रित हुई। प्रत्येक मृतक व्यक्ति के परिवारजन को 25,000/-, और जो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं उनको 11,000/- प्रति व्यक्ति पूज्य बापू के सन्देशानुसार प्रदान किया जा रहा है। सरकार से जो सूची मिली है उसके आधार पर लोगों को सहायता राशि चेक द्वारा भेजी जा रही है। कुल 288 व्यक्ति जो मृत घोषित हुए हैं उनके परिवार को कुल 72 लाख रुपये और 162 व्यक्ति जो गंभीर रूप से घायल हैं उनको कुल 17.82 लाख रुपये देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, और शीघ्र ही पूरी कर ली जाएगी। मोरारी बापू ने अपने तलगाजार्डा ट्रस्ट और संगीतकारों और साउंड सिस्टम की टीम के माध्यम से फंड में ₹2 लाख की प्रारंभिक राशि का योगदान दिया। यह संपूर्ण पहल यूएएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएमडी प्रसिद्ध उद्योगपति श्री अरुण सराफ द्वारा शुरू की गई थी। जैसे जैसे और लोगों के नाम घोषित होंगे, उन्हें भी सहायता राशि प्रदान की जायेगी।



### ट्रैफिक ब्लॉक के कारण ट्रेनें प्रभावित

**हाजीपुर, 28 जून (नि.प्र.)।** आधारभूत संरचना के उन्नयन कार्य के मद्देनजर धनबाद मंडल के हेन्देगीर और कोले स्टेशनों के मध्य पुल सं. 75 के बॉक्स सेगमेंट के लांचिंग हेतु दिनांक 30.06.23 को 10.00 बजे से 16.15 बजे तक ट्रैफिक ब्लॉक लिया जायेगा । इस कारण ट्रेनों का परिचालन निम्नानुसार प्रभावित होगा - दिनांक 29.06.23 को खुलने वाली गाड़ी सं. 11447 जबलपुर–हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस जबलपुर से 240 मिनट पुनर्निधारित समय से खुलेगी या पश्चिम मध्य रेलवे एवं पूर्व मध्य रेल के सिस्टम में 240 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। दिनांक 30.06.2023 को चोपन से खुलने वाली गाड़ी सं. 18614 चोपन–रांची एक्सप्रेस चोपन से 120 मिनट पुनर्निधारित समय से खुलेगी। दिनांक 30.06.2023 को चोपन से खुलने वाली गाड़ी सं. 03344 चोपन–गोमो स्पेशल पूर्व मध्य रेल सिस्टम में 30 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी ।

### ट्रेनों का विनियमन


**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** खड़गपुर डिवीजन में खड़गपुर–भद्रक सेक्शन के बहनागा बाजार स्टेशन पर ट्रैक रखरखाव कार्यों के कारण 29.06.2023 को निम्नलिखित ट्रेनों को विनियमित किया जाएगा। ट्रेनों का रद्दीकरण: 08031 बालासोर–भद्रक मेमू स्पेशल 29.06.2023, 12277 हावड़ा–पुरी शताब्दी एक्सप्रेस 29.06.2023, 18021 खड़गपुर–खुर्दा रोड एक्सप्रेस 29.06.2023, 22603 खड़गपुर–विल्लुपुरम एक्सप्रेस 29.06.2023, 22851 संतरागाछी–मंगलौर एक्सप्रेस 29.06.2023। ट्रेनों का अल्प समापन/अल्प उद्गम- 08063 खड़गपुर–भद्रक मेमू स्पेशल, 29.06.2023 को शुरू होने वाली यात्रा बालासोर में समाप्त की जाएगी।, 08064 भद्रक–खड़गपुर मेमू स्पेशल, 29.06.2023 को शुरू होने वाली यात्रा, बालासोर से शुरू होगी। ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन: 18477 पुरी – योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, 29.06.2023 को शुरू होने वाली यात्रा, झारसुगुड़ा रोड के माध्यम से परिवर्तित मार्ग पर चलेगी। 18478 योग नगरी ऋषिकेश–पुरी एक्सप्रेस, 29.06.2023 को शुरू होने वाली यात्रा, झारसुगुड़ा रोड के माध्यम से परिवर्तित मार्ग पर चलेगी।

### केंद्रीय मंत्री भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के 108वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करेंगे




**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** माननीय केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, भारत सरकार, श्री भूपेन्द्र यादव 1 जुलाई, 2023 को ईस्ट एंड में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के 108वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करने के लिए कोलकाता में होंगे। निक्को पार्क साल्टलेक में आयोजित एनिमल टैक्सोनॉमी समिट–2023 के उद्घाटन की भी घोषणा करेंगे। समारोह के आसपास होने वाले कार्यक्रम मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए मिशन लाइफ–स्टाइल) पर केंद्रित होंगे, जहां जेडएसआई नुक्कड़ नाटकों, सार्वजनिक कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ देश भर में दो करोड़ लोगों तक पहुंचने के अपने प्रयास को प्रदर्शित करने के लिए तैयार है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे, और श्री चंद्र प्रकाश गोयल, आईएफएस, वन महानिदेशक और विशेष सचिव, एमओईएफसीसी भी इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे और सभा को संबोधित करेंगे। एनिमल टैक्सोनॉमी समिट - 2023 देश के लिए अपनी तरह का पहला सम्मेलन है, जिसमें नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम, लंदन सहित भारत और विदेश के 400 प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में भाग लेंगे और अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत करेंगे। लगभग 12 प्रतिष्ठित आमंत्रित वक्ता पशु वर्गीकरण, जैव विविधता संरक्षण और जीवनी के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान देंगे।

### हाजरा पार्क दुर्गोत्सव में खूंटी पूजा के साथ दुर्गापूजा की तैयारियां शुरू



**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** दक्षिण कोलकाता के हाजरा पार्क दुर्गोत्सव ने जतिन दास पार्क (हाजरा क्रॉसिंग) के पास आयोजित होनेवाले दुर्गापूजा के लिए इस वर्ष बुधवार को उल्टा रथ की यात्रा के शुभ मौके पर खुटी पूजा करने के साथ की दुर्गापूजा के तैयारियों की शुरुआत की। हाजरा पार्क दुर्गोत्सव शहर में अपने नए यूनिक थीम और मंडप की सजावट की शैली के लिए शहर की आकर्षक पूजाओं में अपना अहम स्थान रखता है। यह पूजा कमेटी विशेष रूप से अपने पंडालों की अनूठी शैली के साथ पूरे वर्ष किए जाने वाले सामाजिक कार्यों के लिए विशेष रूप से जानी जाती है। बुधवार को खुटी पूजा के पावन मौके पर समाज की विभिन्न प्रतिष्ठित हस्तियों में श्री सोभन देव चट्टोपाध्याय (कृषि मंत्री, पश्चिम बंगाल सरकार) और श्री सायन देब चटर्जी (हाजरा पार्क दुर्गोत्सव समिति के संयुक्त सचिव) के साथ कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद थीं। बुधवार को जहां पूरे शहर के लोग उल्टारथ के शुभ दिन में व्यस्त थे। वहीं इस शुभ घड़ी में हाजरा पार्क दुर्गोत्सव में ढाक वादन के साथ प्रसिद्ध हस्तियों की उपस्थिति के बीच खुटी पूजा कर दुर्गा पूजा के तैयारियों की शुरुआत हुई। इस वर्ष हाजरा पार्क दुर्गोत्सव में 81वें वर्ष में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा।

सिलीगुड़ी समाचार

## तेरापंथ महिला मंडल सिलीगुड़ी की नई अध्यक्ष बनीं संगीता घोषाल




**सिलीगुड़ी, 28 जून (नि.प्र.)।** तेरापंथ महिला मंडल सिलीगुड़ी की टीम का सत्र 2023 25 का शपथ ग्रहण समारोह (अभ्युदय) जैन संस्कार विधि के द्वारा स्थानीय तेरापंथ भवन में *मुनि श्री प्रशांत कुमार जी मुनि श्री कुमुद कुमार के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष मनीषा सुराणा ने नव मनोनीत अध्यक्ष संगीता घोषाल को शपथ दिलाई, तत्पश्चात संगीता घोषाल ने अपनी टीम को विधिवत शपथ दिलाई उनकी टीम से मंजू बैद प्रथम उपाध्यक्ष, सुधा मालू द्वितीय उपाध्यक्ष, सुमन बैद मंत्री, विनीता आंचलिया कोषाध्यक्ष, समता पगारिया सह मंत्री प्रथम, सुनीता आंचलिया सह मंत्री द्वितीय, मधु नौलखा संगठन मंत्री प्रथम, जयश्री पुगलिया संगठन मंत्री द्वितीय, राजश्री कोठारी प्रचार प्रसार मंत्री प्रथम, पायल लुणावत प्रचार प्रसार मंत्री द्वितीय, शोभा बैद कन्या मंडल प्रभारी, जूली बोथरा सह प्रभारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की शपथ ग्रहण की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने बताया कि, 37 वर्षों से महिला मंडल अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसके 500 से अधिक सदस्य हैं ,एवं इसका कार्यकाल 2 वर्ष का होता है। उनकी संस्था पूरे वर्ष सेवा कार्य करती है। इसके अंतर्गत आचार्य महाश्रमण फिजियोथैरेपी सेंटर कन्यासुरक्षा सर्कल कन्या सुरक्षा बेंचेज आचार्य तुलसी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शामिल है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम सभी के सहयोग से नए कीर्तिमान स्थापित करेगी इस अवसर पर महिला मंडल के पूर्व अध्यक्षों सहित। सभा तेरापंथ युवक परिषद अनुव्रत समिति टीपीएफ तेरापंथ ट्रस्ट वर्धमान एजुकेशन ट्रस्ट सहित कई संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला मंडल के सदस्यों की अच्छी उपस्थिति रही। जैन संस्कारक की भूमिका श्री नरेंद्र जी सिंघी एवं श्री दीपक महनोत ने कुशलतापूर्वक निभाई। कार्यक्रम का कुशल संचालन राजश्री कोठारी ने किया।

## त्रिदिवसीय रामकथा का आयोजन 30 तक



**हावड़ा, 28 जून (नि.प्र.)।** बंगेश्वर महादेव मंदिर, हावड़ा में आज 28 जून 2023 से 30 जून 2023 तक श्रीराम हनुमान मिलन विषय पर चलने वाले त्रिदिवसीय रामकथा का आयोजन, काशी के सुप्रसिद्ध रामकथा वाचक श्री रितेश जी रामायणी के व्यासत्व में किया गया। प्रथम दिवस प्रवचन करते हुए श्री रितेश जी ने बताया कि किष्किंधा कांड का आधार शबरी जी हैं।शबरी जी ने ही प्रभु श्रीराम को बताया कि आप पंपासर में जाएं एवं सुग्रीव जी से मित्रता करिए। उसी पंपासर में ही श्रीराम एवं श्रीहनुमान जी का प्रथम मिलन सुग्रीव के दूत के रूप में हुआ। यह श्री हनुमान जी की कूटनीतिक एवं बौद्धिक श्रेष्ठता का ही प्रतीक है कि बाली के भय से ऋष्यमूक पर्वत पर निवास करते सुग्रीव से मिले और दोनों में मित्रता कराया। कथा के अवसर पर मंदिर के प्रधान ट्रस्टी श्री सुधीर बाबू जालान भी उपस्थित थे।



*हुगली जिले के पांडुआ में रूट मार्च के रहे सीआरपीएफ के जवान।* *–विश्वमित्र*

## एसोचैम योग–आयुर्वेद के विकास पर आशान्वित

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** एसोचैम के आयुष लीडर , प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग के जश्न को लेकर योग और आयुर्वेद के विकास को लेकर आशान्वित हैं। भारत के माननीय प्रधान मंत्री की संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा पर, एसोचैम (द एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया) में राष्ट्रीय आयुष टास्क फोर्स के अध्यक्ष डॉ. सुदीप्त नारायण रॉय ने विशेष रूप से वाणिज्य और व्यापार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। आयुष क्षेत्र. यह यात्रा भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संबंधों में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। पीएम मोदी ने 21 जून 2023 को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सदस्यों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। योग और आयुर्वेद, भारत में आयुष प्रणाली का हिस्सा, स्वास्थ्य और कल्याण की निकटता से संबंधित और परस्पर जुड़ी हुई प्रणालियाँ हैं। डॉ. रॉय ने कहा, प्रधानमंत्री ने वैश्विक स्तर पर भारत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनकी अमेरिका यात्रा से व्यापारिक साझेदारी और मजबूत हुई है। इस यात्रा को अमेरिकी बाजार में आयुष क्षेत्र के फलने–फूलने के अवसरों को बढ़ावा देने और विस्तार करने का अवसर भी देखा जा सकता है। दोनों देशों के बीच ये मजबूत रिश्ते स्वास्थ्य सेवा उद्योग को और बढ़ावा देंगे और साझेदारी के नए अवसर प्रदान करेंगे। एसोचैम की वरिष्ठ निदेशक श्रीमती परमिंदर कौर और राष्ट्रीय समन्वयक आयुष ने वैकल्पिक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अधिक साझेदारी के संबंध में डॉ. रॉय के विचारों को दोहराया।



*श्रीरामपुर के माहेश में 627 वर्ष प्राचीन श्री श्री जगन्नाथ देव की उल्टा रथायात्रा में उमड़ी भीड़।*

## राज्य सरकार के फरमान से नौकरी अभ्यर्थी चिंतित

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** राज्य सरकार ने बंगाल में सरकारी नौकरियों के लिए बांग्ला भाषा का पेपर अनिवार्य कर दिया है। साथ ही हिंदी, संथाली और उर्दू को खत्म कर दिया है। परीक्षा में आने वाले बांग्ला भाषा के सवालों का स्तर माध्यमिक (10वीं) के समकक्ष रखा गया है। हालांकि, ये अचानक लागू नहीं किया गया बल्कि पहले पुलिस जवानों की नियुक्ति में बांग्ला को अनिवार्य किया गया। इसके बाद सिविल सर्विसेस की नियुक्तियों में भी इसे अनिवार्य कर दिया गया। 15 मार्च, 2023 से पश्चिम बंगाल में सभी प्रकार की सरकारी नौकरियों के लिए बांग्ला भाषा को अनिवार्य कर दिया है। वहीं, परीक्षाओं से हिंदी, उर्दू और संथाली को बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के सरकार ने खत्म कर दिया है। इससे स्पष्ट है कि अब सरकारी नौकरियों में हिंदी, उर्दू और संथाली भाषा के युवक–युवतियों के प्रवेश पर पूर्ण रोक लगा दी गई है। हालांकि, बंगाल के छात्र–छात्राओं को इससे दिक्कत नहीं है कि बांग्ला को अनिवार्य कर दिया गया है। बल्कि उन्हें इस बात से दिक्कत है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित हिंदी, उर्दू और सांथाली माध्यम के स्कूलों में 10वीं क्लास तक बांग्ला अनिवार्य नहीं है। उनका कहना है कि इन स्कूलों से निकलने वाले बच्चों को बांग्ला भाषा की जानकारी नहीं होती क्योंकि इन स्कूलों में बांग्ला भाषा को अनिवार्य नहीं किया गया है।

## बिहारशरीफ–अस्थावाँ नई लाइन का निरीक्षण



**हाजीपुर, 28 जून (नि.प्र.)।** आज श्री सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा 26 किमी लंबे बिहारशरीफ–बरबीघा नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 12.6 किलोमीटर लंबे बिहारशरीफ से अस्थावाँ तक मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संरक्षा आयुक्त द्वारा इस रेलखंड का सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से गहनता एवं सूक्ष्मता से जांच की गई। साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा अस्थावाँ से बिहारशरीफ तक विशेष ट्रेन से 110 किमी/घंटे की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण विभाग के अधिकारी एवं दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अपने शाखा अधिकारी के साथ उपस्थित थे।

## गिरीश पार्क से मालापाड़ा मोड़ तक दोतरफा आवागमन का आग्रह

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** नार्थ कोलकाता डिस्ट्रिक्ट बीजेपी ट्रेड सेल की तरफ से पश्चिम विभाग और उपायुक्त पुलिस कमिश्नर (यातायात विभाग से मांग की गई है कि गिरीश पार्क से मालापाड़ा क्रासिंग पिछले काफी वर्षों से वन वे चालू है लेकिन अभी वर्तमान में काफी रास्ता चौड़ा हो गया है। वैसे गिरीश पार्क से कांकुड़गाछी तक दोनों तरफ से गाड़ी का आना–जाना है लेकिन गिरीश पार्क से मालापाड़ा क्रासिंग तक एक तरफ से गाड़ी आने की वजह से आपातकाल स्थिति में लोगों को कोई सवारी टैक्सी या चार चक्के वाली सवारी नहीं मिलती है। अस्पताल जाने या कोई जरूरी काम के लिए, जिसके वजह से लोगों को काफी दिक्कत उठानी पड़ती है। जो भी पोस्ता वाला ट्रक लगता है वह मालापाड़ा क्रासिंग के आगे लगता है इसलिए जो भी गाड़ी गिरीश पार्क से चलकर मालापाड़ा क्रासिंग से बाईं तरफ कलाकार स्ट्रीट में मिल जायेगी। अत: कोई परेशानी का कारण नहीं है। अत: बीजेपी ट्रेड सेल परिवहन विभाग और उपायुक्त पुलिस कमिश्नर (यातायात विभाग) से आग्रह करते हैं कि अगर यह रूट चालू कर देते हैं तो लगभग दस लाख लोगों को लाभ मिलेगा।



*इस्कॉन की उल्टा रथयात्रा के दौरान महानगर में भक्तिभाव में सराबोर श्रद्धालु।* *–विश्वमित्र*

### कुणाल ने भाजपा पर साधा निशाना

## भाजपा की चिंता दर्शाती है पीएम की टिप्पणी

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** तृणमूल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता तथा पार्टी के महासचिव कुणाल घोष ने आज आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि विपक्ष पर उनकी टिप्पणियां पिछले सप्ताह पटना में गैर–भाजपा दलों की 'सफल' बैठक के बाद उनकी पार्टी के खेमे में पैदा हुई चिंता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को भोपाल में भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधा और पटना में हुई बैठक को महज 'तस्वीरें खिंचवाने का अवसर' बताया। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह जम्मू कश्मीर और तमिलनाडु के कुछ राजनीतिक दलों के साथ ही कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और वाम दल जैसे कई प्रतिद्वंद्वियों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मेजबानी में पटना में एक बैठक में भाग लिया था, जिसका उद्देश्य अगले लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करना है। विपक्षी दलों की अगली बैठक जुलाई में



शिमला में होनी है। तृणमूल के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि हमने सुना कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्षी खेमे के बारे में बात कर रहे हैं। पटना में विपक्ष की सफल बैठक के बाद भाजपा खेमे में एक चिंता पैदा हो गई है क्योंकि उसे आसन्न हार का आभास हो गया है। घोष ने कहा कि भाजपा विपक्षी खेमे में भ्रष्टाचार के बारे में बात करती है लेकिन उन भ्रष्ट नेताओं के बारे में क्या कहेंगे, जिन्हें बंगाल समेत हर राज्य में भाजपा ने अपने खेमे में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा लगाए भ्रष्टाचार के आरोप बार–बार की जा रही घिसी–पिटी बातों की तरह लगता है क्योंकि कभी नारद और सारधा घोटालों में शामिल रहे लोग अब बंगाल की भाजपा इकाई में वरिष्ठ पदों पर बैठे हैं। प्रधानमंत्री की विपक्ष द्वारा मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने तथा भड़काने के लिए समान नागरिक संहिता के मुद्दे का इस्तेमाल करने के आरोपों पर तृणमूल नेता ने कहा कि इस देश के लोग भली–भांति जानते हैं कि किस पार्टी ने नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक पंजी थोपने की कोशिश की और कौन–सी पार्टी देश में दंगे भड़काने में शामिल रहती है। इस बीच, भाजपा की बंगाल इकाई ने प्रधानमंत्री के दावों का समर्थन किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि पूरा देश तृणमूल के भ्रष्टाचार के बारे में जानता है और विपक्षी एकता के संबंध में, हमने 2019 और 2014 में भी ऐसे ही प्रयास और उसके नतीजे देखे। जब भी सुशासन और राष्ट्रीय सुरक्षा की बात आती है तो इस देश के लोग भाजपा पर भरोसा करते हैं।

## संदीप डागा तेयुप, उत्तर हावड़ा के अध्यक्ष



**हावड़ा, 28 जून (नि.प्र.)।** तेरापंथ युवक परिषद्, उत्तर हावड़ा के वर्ष 2022–23 की साधारण सभा अध्यक्ष श्री संदीप कुमार डागा की अध्यक्षता में तेरापंथ सभागार, उत्तर हावड़ा में आयोजित हुई। विजय गीत का संगान गौतम भजन मंडली के सदस्यों श्री प्रवीण कुमार सिंघी एवं श्री पवन कुंडलिया द्वारा किया गया। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन अणुविभा के उपाध्यक्ष श्री प्रताप सिंह दुगड़ द्वारा किया गया जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने दोहराया। गत बैठक की कार्यवाही का वाचन मंत्री श्री विनीत कोठारी ने किया। अध्यक्ष श्री संदीप कुमार डागा ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए पिछले सदन से अब तक संपन्न कार्यक्रमों की झलक प्रस्तुत की। मंत्री श्री विनीत कोठारी द्वारा वर्ष भर में किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। कोषाध्यक्ष श्री पंकज पारख ने वर्ष में हुए आय–व्यय का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया। परिषद् के अध्यक्ष श्री संदीप कुमार डागा ने परिषद् से सेवानिवृत्त साथियों, संस्कारकों, प्रायोजकों, विभिन्न सभा संस्थाओं, प्रभारियों, अंकेक्षक, चुनाव अधिकारी, कार्यसमिति सदस्यों, समिति सदस्यों, प्रिंटर, मीडिया विभाग को मोमेंटो देकर सम्मान किया। अध्यक्ष श्री संदीप कुमार डागा ने वर्ष 2023–24 के लिए अंकेक्षक के रूप में श्री राकेश कुमार संचेती के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से ॐ अर्हम् की ध्वनि से नियुक्त किया गया। सत्र 2022–23 के सहमंत्री श्री जितेन्द्र सिंघी ने आभार ज्ञापन किया और आगे की कार्रवाई के लिए चुनाव अधिकारी श्री प्रताप सिंह जी दुगड़ को मंच सौंप दिया। साधारण सभा में मनोनीत हुए परिषद् के अध्यक्ष श्री संदीप कुमार डागा ने अपने भाव रखें और सत्र 2023–24 के लिए अपनी पदाधिकारी टीम एवं कार्यसमिति सदस्य टीम की घोषणा की, पदाधिकारी टीम – उपाध्यक्ष द्वय श्री प्रकाश रेड़ एवं श्री विक्रम सिंह बैद, मंत्री श्री विनीत कोठारी, सहमंत्री द्वय श्री जितेन्द्र सिंघी एवं श्री विनीत भंसाली, कोषाध्यक्ष श्री विजय सेठिया एवं संगठन मंत्री श्री चंचल गोलछा।

## हत्याओं के गलत आंकड़े देने का आरोप

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** बंगाल सरकार की ओर से नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो (एनसीआरबी) को राज्य में राजनीतिक हिंसा व हत्या की घटनाओं के गलत आंकड़े दिए गए हैं। विश्वनाथ गोस्वामी की ओर से सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत मांगी गई जानकारी में इसका पर्दाफाश हुआ है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, बंगाल में वर्ष 2021 में राजनीतिक हत्या की सात घटनाएं हुई थीं। वहीं, आरटीआइ के तहत मिले जवाब से पता चला है कि बंगाल के नौ जिलों में राजनीतिक हत्या की 49 घटनाएं हुई थीं। एनसीआरबी की रिपोर्ट में इसी वर्ष बंगाल में राजनीतिक हिंसा की सिर्फ 34 घटनाओं का उल्लेख किया गया है। जबकि आरटीआइ से मिली जानकारी में यह आंकड़ा 839 का है। आरटीआइ कार्यकर्ता विश्वनाथ गोस्वामी ने बंगाल के 30 पुलिस डिस्ट्रिक्ट प्रबंधन के पास जानकारी के लिए आवेदन किया था। 12 से ज्यादा पुलिस डिस्ट्रिक्ट ने जानकारी नहीं दी है। इनमें कुछ का दावा है कि उनके अधिकार क्षेत्र में राजनीतिक हिंसा अथवा हत्या की कोई घटना नहीं हुई है।

## राशन डीलरों का आरोप– दुकानों का चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल कर रहा केंद्र, भाजपा ने नकारा

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** राशन डीलरों के एक वर्ग ने केंद्र सरकार पर चुनाव प्रचार के लिए उनकी दुकानों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ भाजपा ने इसे सिरे से नकारा है। इन राशन डीलरों का कहना है कि केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के अधीन फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से निर्देश जारी कर कहा गया है कि 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' का प्रचार करना होगा। टीन की प्लेट में इस प्रकल्प का नाम लिखकर राशन दुकान में टांगकर रखना होगा। प्रधानमंत्री की तस्वीर लगाकर भी प्रचार करने को कहा गया है, हालांकि केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है कि निर्देश में प्रधानमंत्री की तस्वीर लगाने का उल्लेख नहीं है। इस बारे में बंगाल के हुगली से भाजपा सांसद व संसद की खाद्य व आपूर्ति मंत्रालय की स्थाई कमेटी की चेयरपर्सन लाकेट चटर्जी ने कहा–'केंद्र सरकार कोरोना के समय से 80 करोड़ लोगों को निश्शुल्क खाद्य सामग्रियां प्रदान कर रही है। बंगाल के लोगों के लिए यह जानना जरूरी है कि केंद्र सरकार उन्हें क्या–क्या सेवाएं दे रही हैं। हमने राज्य की विभिन्न राशन दुकानों में जाकर देखा है कि वहां बंगाल सरकार की 'खाद्य साथी' योजना का लोगो वाले बोर्ड लगाकर प्रचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत जो खाद्यान्न दिया जाता है, उसका सारा खर्च केंद्र वहन करता है इसलिए लोगों को सूचित करने के लिए प्रकल्प का नाम बताने को कहा जा रहा है। आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन ने केंद्र के इस निर्देश का विरोध किया है। संगठन के महासचिव विश्वंभर बसु ने कहा 2024 में होने वाले लोकसभा के लिए इस तरह का प्रचार किया जा रहा है। भाजपा चुनावी रणनीति के तहत राशन दुकानों का इस्तेमाल करना चाह रही है।

## बलात्कारियों को उम्र कैद की सजा

**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** पांच वर्षीय बच्ची की अपहरण के बाद रेप और हत्या के आरोप में झाड़ग्राम महकमा अदालत ने दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। मालूम रहे कि वर्ष 2021 में आरोपियों ने बच्ची को चाकलेट का लालच देकर उसके घर के पास से अपहरण कर लिया था और उससे दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी थी। लम्बी सुनवाई के बाद कोर्ट ने आज पाक्सो एक्ट के तहत दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। दोषियों के नाम रवीन्द्र राउत एवं फागुन मांडी हैं।

## मालदा मंडल में ट्रेनों का विनियमन


**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** 02.07.2023 को विकास कार्य के लिए भागलपुर–जमालपुर खंड में बरियारपुर और रतनपुर स्टेशनों के बीच अप और डाउन दोनों लाइन पर 630 मिनट (08:00 बजे से 18:30 बजे) के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की योजना बनाई गई है। परिणामस्वरूप, ट्रेन संचालन में निम्नलिखित व्यवस्थाएँ की गई हैं: रद्दीकरण: 15554 जयनगर–भागलपुर एक्सप्रेस (यात्रा 01.07.2023 को शुरू) और 15553 भागलपुर–जयनगर एक्सप्रेस (यात्रा 02.07.2023 को शुरू)। 13419/13420 भागलपुर–मुजफ्फरपुर–भागलपुर एक्सप्रेस (यात्रा 02.07.2023 को शुरू)। 05408 जमालपुर – रामपुरहाट एक्सप्रेस और 05407 रामपुरहाट – गया एक्सप्रेस (दोनों यात्राएँ 02.07.2023 को शुरू होंगी)। 05406 साहिबगंज – रामपुरहाट एक्सप्रेस (01.07.2023 को शुरू होने वाली यात्रा), 05404 गया – रामपुरहाट एक्सप्रेस और 05405 रामपुरहाट – साहिबगंज पैसेंजर (दोनों यात्रा 03.07.2023 को शुरू होने वाली)



*आद्यापीठ के ब्रह्मचारी मुराल भाई और श्री समीरेश्वर ब्रह्मचारी 6 फीट लंबी चांदी की झाड़ू से रास्ता साफ कर विश्व सेवाश्रम संघ की उल्टा रथ यात्रा की शुरुआत करते हुए।*

## हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा





**कोलकाता, 28 जून (नि.प्र.)।** हिन्दुस्तान वालेंटियर क्लब की तरफ से कालीबाड़ी के प्रांगण में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हेतु भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कलश शोभा यात्रा में लगभग 150 स्त्रियां एवं 70 पुरुषों ने भाग लिया। उक्त अवसर पर दमदम नगर पालिका के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, सभासद गण, इंदिरा गांधी स्कूल दमदम के चेयरमैन श्री राजेश सिंह, स्थानीय सभासद श्री राजा गोस्वामी तथा हिन्दुस्तान वालेंटियर क्लब के सदस्यगण उपस्थित थे।

## आरपीएफ पूसीरे का विशेष जागरुकता अभियान

**मालीगांव, 28 जून (नि.प्र.)।** पू.सी. रेल का रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ट्रेनों पर पथराव और अलार्म चेन खींचने की घटनाओं के खिलाफ विशेष अभियान चला रहा है। यह अभियान रेलवे पटरियो और स्टेशनों के आस–पास के इलाकों, गांवों, स्कूलों, स्टेशनों पर यात्रियों आदि पर चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन लोगों को ट्रेनों पर इस तरह के खतरों के परिणाम और यात्री सुरक्षा और ट्रेन संचालन पर इसके असर के बारे में उन्हें अवगतकराना है। लोगों को इस तरह के खतरों के बारे में जागरूक करने के लिए पोस्टर और पर्चे वितरित किये जा रहे हैं। ट्रेनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए उन खंडो/क्षेत्रों पर रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती की गई है, जहां आमतौर पर पथराव की घटनाएं होती हैं। वर्ष 2022 के दौरान पू.सी. रेल पर पथराव की कुल 38 घटनाएं दर्ज की गईं। इस वर्ष के 24 जून तक 37 घटनाएं दर्ज की गईं और इस संबंध में 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया।ट्रेनों पर पत्थर या इसी तरह की वस्तु फेंकना रेल अधिनियम की निर्धारित धारा 153 और 154 के तहत एक आपराधिक मामला है। कोई भी व्यक्ति, यदि जानबूझकर या अनजाने में किसी भी वस्तु को ट्रेन के किसी चल स्टॉक में या उस पर फेंकता है, जो किसी भी यात्री की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है और किसी भी चल स्टॉक को बाधित करता है; आरोपी को दस साल तक की अवधि के लिए कारावास से दंडित किया जा सकता है।






**NIQs**
**O/o the Exe. Engineer Jhargram Electrical Division, PWDte.**
**WBPWD/EE/JED/NIQ9/2023-24**
Bid submission Last Dates: **30/06/2023**
For details follow
**www.pwdwb.in** or visit the office.

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**
**ई-निविदा सूचना सं. : ई-टेंडर/2023/29, दिनांक: 27.06.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मदों के समक्ष उल्लिखित तारीख को अपराह्न 03.00 बजे के पहले ई-निविदा आमंत्रित की जाती है तथा उसे अपराह्न 03.30 बजे खोला जाएगा। **क्रम सं., निविदा सं., कार्यो का विवरण : (1)** ई-केजीपी-एचक्यू-09-2023, एडीईएन/सेटलमेंट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के तहत स्टाफ क्वार्टरों (622 यूनिट) के रूफ ट्रीटमेंट के लिए एपीपी प्रदान करके टपकती छत को ठीक करना। **(2)** ई-केजीपी-एचक्यू-10-2023, एडीईएन/वाटर सप्लाई/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के तहत नीमपुरा में आवश्यक पाइप लाइन के साथ 2,00,000 गैलन क्षमता वाले भूजल टैंक/रिजर्वायर का निर्माण। **(3)** ई-केजीपी-एचक्यू-11-2023, एडीईएन/सेटलमेंट/खड़गपर के क्षेत्राधिकार के तहत खड़गपुर में स्टाफ क्वार्टरों (160 यूनिट) का नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,93,30,969.48 (क्रम सं. 1 के लिए), ₹ 1,24,80,267.26 (क्रम सं. 2 के लिए) एवं ₹ 3,39,15,748.20 (क्रम सं. 3 के लिए)। **बयाना राशि :** ₹ 2,96,700/- (क्रम सं. 1 के लिए), ₹ 2,12,400/- (क्रम सं. 2 के लिए), एवं ₹ 3,19,600/- (क्रम सं. 3 के लिए)। **निविदा दस्तावेज की कीमत :** शून्य प्रत्येक के लिए। **खुलने की तारीख:** 20.07.2023 प्रत्येक के लिए। **कार्य पूरा करने की अवधि :** 9 माह (क्रम सं. 1 के लिए), 11 माह (क्रम सं. 2 के लिए) एवं 12 माह (क्रम सं. 3 के लिए)। **बोली प्रारम्भ होने की तारीख:** 06.07.2023 से 20.07.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदाओं के पूर्ण विवरण/वर्णन के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **ध्यान दें:** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। **(PR-344)**

**पूर्व रेलवे**
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1009-2023-24, दिनांक 26.06.2023; कार्य का विवरण:** चितपुर में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 11,94,230; **बयाना राशि:** रु. 23,900; **समापन अवधि:** 06 महीने। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1015-2023-24, दिनांक 26.06.2023; कार्य का विवरण:** बी. आर. सिंह अस्पताल में चार सेट दो शवों के शवगृह संयंत्र (निर्माता-ब्लू स्टार) का 03 (तीन) वर्षों के लिए सम्पूर्ण वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 6,59,059.20; **बयाना राशि:** रु. 13,200; **समापन अवधि:** 36 महीने। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1016-2023-24, दिनांक 26.06.2023; कार्य का विवरण:** निर्भया फंड के अधीन वीडियो सर्विलेंस सिस्टम (वीएसएस) के संबंध में सियालदह मंडल में स्टेशनों (125 स्टेशन डी एवं ई श्रेणी), (संशोधित) में विद्युतीय कार्यों का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 38,71,806.25; **बयाना राशि:** रु. 77,400; **समापन अवधि:** 03 महीने। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** प्रत्येक के लिए रु. 0.00; **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** प्रत्येक के लिए 04.07.2023; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** प्रत्येक के लिए 18.07.2023 को अपराह्न 2.00 बजे। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** प्रत्येक के लिए 18.07.2023 को अपराह्न 2.00 बजे के उपरांत। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (SDAH-95/2023-24)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# कुवैत के विरुद्ध ड्रॉ हार जैसा लगा : छेत्री

**बेंगलुरु, 28 जून (एजेंसियां)।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा है कि सैफ चैंपियनशिप 2023 के आखिरी ग्रुप-ए मैच में कुवैत के साथ खेला गया ड्रॉ उन्हें हार जैसा प्रतीत हुआ। छेत्री ने अपना 92वां अंतरराष्ट्रीय गोल जमाया लेकिन अनवर अली के आत्मघाती गोल की बदौलत भारत और कुवैत के बीच मंगलवार को मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा। आखिरी बार भारत ने कुवैत के साथ 2010 में एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेला था, जहां ब्लू टाइगर्स को 9-1 की करारी हार मिली थी। उस परिणाम के बाद कुवैत को बराबरी पर रोकना निश्चित रूप से एक सुधार रहा, हालांकि छेत्री इस नतीजे से संतुष्ट नहीं थे। मेरे मन में जो भावना आती है वह हार की है, क्योंकि हमने आखिरी मिनटों में उन्हें गोल करने दिया। मुझे यकीन है कि हमने बहुत सारी अच्छी चीजें कीं। जब हम वीडियो विश्लेषण देखेंगे, तो हमें बेहतर पता चलेगा। उन्होंने कहा, हम काफी हद तक वह कर सकते हैं जिसके लिये हमने प्रशिक्षण लिया था। वे कोई आसान टीम नहीं है। यह टीम खेलना जानती है और हम यह देख सकते हैं। मुझे लगता है कि हमने अधिकांश समय अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अभी मैं इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकता।

**नीलामी सूचना संख्या :01/2023/W-4/SHOP, दिनांक :12-06-2023 के लिए शुद्धिपत्र नं. 02**
डीआरएम (वर्क्स)/कटिहार की नीलामी सूचना संख्या 01/2023/W-4/Shop, दिनांक: 12-06-2023 को प्रशासनिक आधार पर रद्द माना माना जाता है।
डीआरएम (डब्ल्यू), कटिहार
**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**निविदा सूचना संख्या: KIR/Engg/36 OF 2023, दिनांक :16-06-2023 के लिए शुद्धिपत्र नं.-01**
निविदा संख्या -1 के विपरीत निविदा सूचना संख्या: KIR/Engg/36 of 2023, दिनांक : 16-06-2023 के लिए शुद्धिपत्र नं.-01 । निविदा का मूल्य 50 लाख रुपये से कम होने के कारण मानक वित्तीय मानदंड और मानक तकनीकी मानदंड की आवश्यकता नहीं है। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
डीआरएम(डब्ल्यू), कटिहार
**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अलीपुरद्वार मंडल में विद्युतीय कार्य**
**निविदा सूचना संख्या:** AP/EL/01/23-24, **दिनांक:** 26-06-2023; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या:** AP/EL/01/23-24. **कार्य का नाम:** अलीपुरद्वार मंडल में - "अमृत भारत स्टेशन योजना" से जुड़े सबस्टेशन का उन्नयन। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 1,32,61,527/-; **अग्रिम राशि:** ₹ 2,16,300/-; **निविदा के बंद करने की तिथि और समय 20-07-2023 को 15:00 बजे और खोलने की 15:30 बजे।** विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** देखें।
डीईई/जी, अलीपुरद्वार जंक्शन
**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



*भारत की अयहिका मुखर्जी क्रोएशिया के ज़ाग्रेब में विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) कंटेंडर ज़ाग्रेब में क्रोएशिया की इवाना मालोबाबिक के खिलाफ महिला एकल क्वालीफिकेशन मैच के दौरान प्रतिस्पर्धा करती हुई। -यूएनआई*

# जलवायु परिवर्तन प्रदर्शनकारियों ने लॉर्ड्स टेस्ट में डाली बाधा




**लंदन, 28 जून (एजेंसियां)।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे एशेज टेस्ट की पहली सुबह दो जलवायु परिवर्तन प्रदर्शनकारियों के मैदान पर उतरने के कारण कुछ देर के लिये खेल रोकना पड़ा। 'जस्ट स्टॉप ऑयल' समूह के दो प्रदर्शनकारी गेरुआ रंग लेकर लॉर्ड्स मैदान पर उतरे, हालांकि खिलाड़ियों और सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें पिच पर पहुंचने से रोक लिया। दूसरे ओवर की शुरुआत से पहले जस्ट स्टॉप ऑयल टी-शर्ट पहने दो लोग सुरक्षा घेरे को पार करते हुए ग्रैंड स्टैंड से पिच की ओर दौड़े। इनमें से एक कार्यकर्ता को बेन स्टोक्स और डेविड वार्नर की जोड़ी ने रोक लिया, जबकि दूसरे को जॉनी बेयरस्टो ने उठाकर पिच से बाहर किया। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) कर्मियों ने मैदान पर गिरे गेरुए पाउडर पेंट को साफ किया जबकि बेयरस्टो नयी जर्सी पहनने के लिये ड्रेसिंग रूम की ओर भागे। खेल में कुल मिलाकर लगभग छह मिनट की देरी हुई। जस्ट स्टॉप ऑयल पर्यावरण संरक्षण समूहों का एक गठबंधन है। इससे जुड़े कार्यकर्ता पिछले 18 महीनों में ब्रिटेन में प्रीमियर लीग फुटबॉल मैचों, रग्बी यूनियन के प्रीमियरशिप के फाइनल और विश्व स्नूकर चैंपियनशिप सहित कई खेल आयोजनों को बाधित कर चुके हैं।

# अगस्त में टी20 शृंखला के लिये आयरलैंड जाएगी भारतीय टीम

**डबलिन, 28 जून (एजेंसियां)।** भारतीय टीम अगस्त में तीन मैचों की टी20 शृंखला खेलने के लिये आयरलैंड का दौरा करेगी। इस दौरे पर भारतीय टीम 18, 20 और 23 अगस्त को मेज़बान आयरलैंड से भिड़ेगी। क्रिकेट आयरलैंड के मुख्य कार्यकारी वॉरेन ड्यूट्रोम ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, हम 12 महीनों में दूसरी बार आयरलैंड में भारत का स्वागत करते हुए खुश हैं। हमने 2022 में दो मैच बिकते हुए देखे, इसलिए इस साल तीन मैचों की शृंखला होने से और भी अधिक प्रशंसकों को उस अवसर का आनंद लेने का मौका मिलना चाहिये जो हमेशा एक यादगार आयोजन होता है। भारत ने पिछले साल दो मैचों की टी20 सीरीज में मेजबान आयरलैंड को 2-0 से हराया था। आयरलैंड से पहले भारत को टेस्ट एकदिवसीय और टी20 सहित तीनों प्रारूपों में वेस्ट इंडीज का सामना भी करना है।

# राष्ट्रीय कैडेट जूडो चैंपियनशिप सात जुलाई से



**बेल्लारी, 28 जून (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय कैडेट जूडो चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन सात और नौ जुलाई के बीच यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) में किया जाएगा। आईआईएस ने बुधवार को इसकी घोषणा की। यह टूर्नामेंट भारतीय जूडो संघ (जेएफआई) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह पिछले 12 महीनों में आईआईएस द्वारा आयोजित तीसरी प्रमुख राष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी। आईआईएस ने 2022 में राष्ट्रीय सब जूनियर एवं जूनियर मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जबकि मार्च 2023 में यहां भारतीय ओपन-थ्रो और जंप प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। आईआईएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रुश्दी वार्ले ने कहा, हम बेल्लारी में इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट में राष्ट्रीय कैडेट जूडो चैंपियनशिप की मेजबानी करके बहुत खुश हैं। देश भर से इतने सारे युवा जुडोकाओं का घर बनने का अवसर हमारे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है। यह हमें कुछ बेहतरीन जुडोकाओं को खेलते हुए देखने के साथ-साथ उन्हें वे सुविधाएं दिखाने का अवसर देता है जो हम यहां प्रदान करते हैं। कई बेहद प्रतिभाशाली जुडोका राष्ट्रीय टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिये देश भर से बेल्लारी आएंगे, जिसमें कई आईआईएस-प्रशिक्षित जुडोका भी शामिल होंगे। कुल 11 आईआईएस जूडोका चार राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि मणिपुर से भाग लेने वाले दल में ओलिविया देवी (44 किग्रा), नुंगशिथोई चानू (52 किग्रा), रोनी देवी (57 किग्रा), दीपापति (70 किग्रा), योहेनबा (55 किग्रा), वांगथोई (66 किग्रा) और सूरज सिंह (60 कि.ग्रा.) सहित आठ आईआईएस जुडोका शामिल हैं। भारत के पहले जूडो विश्व चैंपियन लिनथोई चनंबम (63 किग्रा) भी मणिपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जूडो संघ के सहायक सचिव राजन सी.एस. ने कहा, बेल्लारी में इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स के सहयोग से राष्ट्रीय कैडेट जूडो चैंपियनशिप आयोजित करना भारतीय जूडो महासंघ का विशेषाधिकार है। सभी 31 जेएफआई संबद्ध राज्यों/इकाइयों के 234 लड़के, 228 लड़कियां और 126 अधिकारी भाग ले रहे हैं, और यह वह समय है जब जेएफआई पूर्ण प्रायोजन के साथ कैडेट लड़कों और लड़कियों के लिये एक स्वतंत्र राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। जेएफआई भारत में जूडो के विकास के लिये दीर्घकालिक भागीदार के रूप में इस चैंपियनशिप को लेने के लिये आईआईएस की सराहना करता है। एशियाई खेलों में अपने लिये जगह पक्की करने के बाद आईआईएस जुडोका यश विजयरन +100 किग्रा वर्ग में प्रतियोगिता में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि इशरूप नारंग (+70 किग्रा) चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। केंटू लैप 60 किग्रा भार वर्ग में अरुणाचल प्रदेश के लिये खेलेंगे।

# स्पेशल ओलिंपिक में पंजाब के सात खिलाड़ियों ने जीते पदक

**चंडीगढ़, 28 जून (एजेंसियां)।** पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने बर्लिन स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए बुधवार को कहा कि उनकी उपलब्धि पंजाब के लिये गर्व की बात है। हाल ही में बर्लिन में संपन्न स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स-2023 में भारतीय दल के बेहतरीन प्रदर्शन में पंजाब के खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई है। पंजाब के सात खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीते। श्री मीत हेयर ने कहा कि यह पंजाब के लिए गर्व की बात है कि पंजाब के खिलाड़ियों ने स्पेशल ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि यह अधिक महत्वपूर्ण है कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चे अनेक कठिनाइयों और कठिनाइयों के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत और लगन से खेलों में भाग ले रहे हैं और देश के लिए पदक जीत रहे हैं। श्री मीत हेयर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशों पर खेल विभाग द्वारा तैयार की जा रही नयी खेल नीति में पैरा खेलों के साथ-साथ स्पेशल ओलंपिक/बधिर और दृष्टिबाधित खेलों के खिलाड़ियों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिये खिलाड़ियों, उनके माता-पिता और कोचिंग स्टाफ को श्रेय दिया। उन्होंने स्पेशल ओलंपिक पंजाब के सलाहकार डॉ. परमजीत सचदेवा के नेतृत्व में किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।

# शोरी के शतक से उत्तर क्षेत्र मज़बूत



**बेंगलुरु, 28 जून (एजेंसियां)।** सलामी बल्लेबाज़ ध्रुव शोरी (135) के शानदार शतक और निशांत सिंधु (76 नाबाद) के अर्द्धशतक की मदद से उत्तर क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के दूसरे क्वार्टरफाइनल के पहले दिन बुधवार को पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ छह विकेट के नुकसान पर 306 रन बना लिये। पूर्वोत्तर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया लेकिन शुरुआती ओवरों में संयम दिखाने के बाद शोरी और प्रशांत चोपड़ा (32) बिना किसी परेशानी के खेलते नज़र आये। दोनों ने पहले विकेट के लिये 80 रन की साझेदारी की। फेरोजियम जोतिन (53/2) ने प्रशांत और अंकित कालसी (शून्य) को लगातार गेंदों पर आउट कर पूर्वोत्तर को राहत पहुंचाई। प्रभसिमरन सिंह ने शोरी के साथ 59 रन की साझेदारी की, हालांकि वह 40 गेंद पर चार चौकों और एक छक्के के साथ 31 रन बनाकर आउट हुए। अंकित कुमार भी पिच पर 21 गेंद तक समय बिताने के बाद नौ रन बनाकर आउट हो गये। विकेटों के निरंतर पतन के बीच निशांत ने शोरी का साथ दिया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिये 80 रन की साझेदारी की। शोरी ने अपना शतक पूरा करते हुए 211 गेंद पर 22 चौकों की सहायता से 135 रन बनाये। एल किशन सिंघा ने शोरी और जयंत यादव (शून्य) को लगातार गेंदों पर आउट किया। दिन का खेल खत्म होने से पहले निशांत और पुलकित नारंग के बीच 64 रन की साझेदारी हो चुकी है। निशांत 113 गेंद पर 76 रन बनाकर जबकि पुलकित 66 गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद हैं।

इसी बीच, अलुर में खेले गये एक अन्य क्वार्टरफाइनल में पूर्व क्षेत्र ने मणिशंकर मुरासिंह (42/5) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत केंद्रीय क्षेत्र को 182 रन पर ऑलआउट कर दिया। केंद्रीय क्षेत्र के लिये रिंकू सिंह ने सर्वाधिक 38 रन बनाये। शाहबाज़ अहमद को दो जबकि इशान पोरेल और शहबाज़ नदीम को एक-एक सफलता हासिल हुई। पूर्व क्षेत्र ने दिन का खेल खत्म होने से पहले दो विकेट के नुकसान पर 32 रन बना लिये हैं। सुदीप कुमार घरामी 19 रन बनाकर जबकि नदीम छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

## मालदीव को हराकर सेमीफाइनल में भारत से भिड़ेगा लेबनान

**बेंगलुरु, 28 जून (एजेंसियां)।** लेबनान ने हसन मातूक के गोल से सैफ चैंपियनशिप 2023 में मालदीव को 1-0 से हराकर ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। श्री कांतीरवा स्टेडियम पर मातूक ने 24वें मिनट में ही गोल जमा दिया, जो लेबनान की जीत के लिये निर्णायक साबित हुआ। लेबनान अब शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल में भारत का सामना करेगा। भारत और लेबनान इससे पहले भुवनेश्वर में खेले गये इंटरकॉन्टिनेंटल कप के फाइनल में भी आमने-सामने आये थे जहां भारत ने बाज़ी मारी थी। फीफा रैंकिंग में 154वें स्थान पर मौजूद मालदीव को 99वें रैंक वाली लेबनान के खिलाफ उलटफेर की उम्मीद थी, हालांकि हसन के गोल के कारण लेबनान ने दक्षिण एशियाई देश के विरुद्ध अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**आक्शन कैटेलॉग की अधिसूचना**
काम/सी/जी/आर/ई-ऑक्शन/ई-1061217, दिनांक: 26.06.2023.

| क्र.सं. | संपत्ति विवरण | ऑक्शन तिथि | ऑक्शन समय | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दुर्ग में Y Shape ब्रिज के समीप होर्डिंग द्वारा विज्ञापन | 07.07.2023 | 15.00 | 15.30 |

सभी ई-नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया गया है।
पीआर/आर/कॉम/आईपी/78 सहायक वाणिज्य प्रबंधक/रायपुर
South East Central Railway @secrail

**The West Bengal Pulpwood Development Corpn. Ltd.**
(WBPDCL), KB-19, Sector-III, Salt Lake, Kolkata – 700106.
**ABRIDGED TENDER NOTICE**
The undersigned invites e-tender Notice as follows:-

| NIT No. | Name of Project | Bid Submission Start Date | Last date of Bid Submission |
|---|---|---|---|
| 07/WBPDCL/23-24 | The sale of Standing Coupes at Narattampur 2005, Suribedia 2013 and Rajadal 2016 under Taldangra Unit of The West Bengal Pulpwood Development Corporation Limited. | 29.06.2023 | 13.07.2023 |

Details of NITs can be seen at www.wbtenders.gov.in and www.wbfdc.com
Sd/-
Ex-officio Divisional Manager WBPDCL


**Hooghly Chinsurah Municipality**
Mahendra Mitra Road, Pipulpati,
PO & Dist – Hooghly, West Bengal
Tel.: (033) 2680-2899/2319, TeleFax.: (033) 2680-6091
**E-Tender Notice**
**Memo No-2452/WS/SD, Dated-28/06/2023**
E-Tenders are invited by the undersigned vide this office **Tender Notice No. WBMAD/C/HCM/WS/NIT7/6e/23 and Tender Id No-2023_MAD_544676_1 & 2** for Sinking of 200 x 300mm dia. Tube Well by Rig boring system at Mearberh (w-18) & Barodwari (w-10) under 15 th F.C. Tied Grant within this Municipal area. The last date of submission of e-Tender is: **25/07/2023 at 11:00 hrs.** For more details and bidding online please visit the website **https://wbtenders.gov.in**
Sd/- Chairman
Hooghly-Chinsurah Municipality

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** नोआपाड़ा से बिमानबंदर होते हुए बारासात तक मेट्रो रेलवे के विस्तार के सिलसिले में सीएच 5.780 किमी से आगे बिमानबंदर यार्ड (सीएच. 7.026 किमी) और न्यू बैरकपुर (छोड़कर) से बारासात (लेकर) तक सिविल इंजीनियरिंग कार्यों का निष्पादन जैसे कि रोड डायवर्शन, संरचनाओं का स्थानांतरण, ड्रेन, बॉउंडरी वॉल, कल्वर्ट का निर्माण, भूदृश्य निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य तथा अन्य सम्बद्ध कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 5.81 करोड़ (लगभग), **बयाना राशि:** रु. 4,40,400/-, **समापन अवधि:** चौबीस(24) माह। **अंतिम तिथि और समय:** 26.07.2023 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं।
**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना सं. : सिविल-2434-2023 (खुली)**
**हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata**




# विश्व समाचार

## मैक्सिको में हथियारबंद लोगों ने 14 पुलिस अधिकारियों का किया अपहरण



**मैक्सिको सिटी, 28 जून (एजेंसियां)।** मैक्सिको के राज्य चियापास में एक सशस्त्र समूह ने सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा मंत्रालय विभाग के 14 पुलिस अधिकारियों का अपहरण कर लिया। मैक्सिकन सुरक्षा मंत्रालय विभाग ने बुधवार को सूचना दी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा, 'मंगलवार को ओकोज़ोकोअल्टा और टक्स्टला गुटिरेज़ के बीच सड़क पर हथियारबंद लोगों द्वारा पुलिस अधिकारियों का अपहरण कर लिया गया था, इनका पता लगाने के लिए राज्य सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा मंत्रालय संघीय बलों के सहयोग से एक खोज अभियान चला रहा है।' विभाग ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है जिसमें दो सफेद वाहन बस का रास्ता रोक रहे हैं और लोगों का एक समूह पुलिस कर्मचारियों पर बंदूकें तान रहा है। मंत्रालय ने कहा कि सशस्त्र बल और विमानन तलाशी अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।

## जरूरत पड़ने पर सोशल मीडिया पर अंकुश लगाने के दिए संकेत: आसिफ



**इस्लामाबाद 28 जून (एजेंसियां)।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि गत नौ मई को हुई हिंसा के बीज सोशल मीडिया ने बोए गए थे; जरूरत पड़ने पर सोशल मीडिया नेटवर्क पर और अधिक अंकुश लगाया जा सकता है। श्री आसिफ ने मंगलवार को 'जियो न्यूज से कहा था कि अमेरिका, ब्रिटेन और चीन जैसे देश सभी सामाजिक नेटवर्क को विनियमित करते हैं। उन्होंने कहा, नियम और नियामक एक ढांचा है, इसकी निगरानी की जाती है। हमारे देश में सोशल मीडिया का उपयोग लोगों को राज्य के खिलाफ विद्रोह के लिए उकसाने के लिए किया जाता है। गत नौ मई की हिंसा की स्क्रिप्ट सोशल मीडिया के जरिए तैयार की गई थी। गौरतलब है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भड़के दंगों को रोकने के लिए सरकार ने देश भर में इंटरनेट का उपयोग बंद कर दिया था और सोशल मीडिया नेटवर्क को कई दिनों के लिए ब्लॉक कर दिया था। नौ मई को सामने आई हिंसा के अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का जिक्र करते हुए श्री आसिफ ने कहा कि सेना द्वारा अपने कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ की गई कार्रवाई की घोषणा के बाद यह सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य था कि दंगों के पीछे के अपराधियों की जवाबदेही तय करे।

## ताइवानी सेना ने दो रूसी युद्धपोतों का पता लगाया

**ताइपे, 28 जून (एजेंसियां)।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ताइवानी सेना ने दो रूसी युद्धपोतों को द्वीप के पूर्वी जल क्षेत्र से दक्षिण से उत्तर की ओर जाते पता लगाया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मंगलवार को दो रूसी युद्धपोतों का पता चला जो हमारे पूर्वी जल क्षेत्र के साथ दक्षिण से उत्तर की ओर जा रहे थे। बयान में कहा गया है कि जहाज ताइवान के प्रतिक्रिया क्षेत्र से सुआओ बंदरगाह से दक्षिणपूर्वी दिशा में रवाना हुए। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि द्वीप के सशस्त्र बलों ने रूसी युद्धपोतों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया और निगरानी तरीकों के साथ-साथ लड़ाकू गश्ती विमान, नौसैनिक जहाजों और भूमि-आधारित वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया गया है।

## रूस के मेलिटोपोल में कई धमाकों की आवाज सुनाई दी



**सिम्फरोपोल, 28 जून (एजेंसियां)।** रूस के जापोरीजिया क्षेत्र के मेलिटोपोल शहर में विस्फोट की कई आवाज सुनी गयी हैं। जापोरीजिया सामाजिक आंदोलन 'वी आर टुगेदर विद रशिया' के प्रमुख व्लादिमीर रोगोव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके बारे में विस्तृत जानकारी एकत्र की जा रही है। श्री रोगोव ने टेलीग्राम पर लिखा,मेलिटोपोल में सिलसिलेवार विस्फोट हुए। हम छह विस्फोटों के बारे में बात कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2022 में आयोजित एक जनमत संग्रह के बाद जापोरीजिया क्षेत्र रूसी संघ का एक घटक सदस्य बन गया, जिसको यूक्रेन मान्यता नहीं देता है और इस क्षेत्र पर गोलाबारी करते रहता है। आज, जापोरीजिया क्षेत्र का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रूस के नियंत्रण में है, जबकि पूर्व क्षेत्रीय केंद्र, जापोरिजिया शहर, यूक्रेनी सैनिकों के नियंत्रण में है। मार्च 2023 में, मेलिटोपोल अस्थायी रूप से क्षेत्र का प्रशासनिक केंद्र बन गया।

## ऑस्ट्रेलिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना, पायलट की हुई मौत



**कैनबरा, 28 जून (एजेंसियां)।** ऑस्ट्रेलिया के आउटबैक में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण एक पायलट की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रॉबिन्सन आर22 हेलिकॉप्टर मंगलवार को स्थानीय समयानुसार लगभग अपराह्न के समय उत्तरी क्षेत्र (एनटी) की राजधानी डार्विन से लगभग 1,000 किलोमीटर दक्षिण में लिम्बुन्या स्टेशन पर नियमित मस्टरिंग ऑपरेशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंगलवार रात जारी एक बयान में कहा गया कि हेलिकॉप्टर चार्टर कंपनी टॉप एंड मस्टरिंग का था और कंपनी ने 'अत्यधिक अनुभवी' पायलट की मौत की पुष्टि की। बयान में कहा गया, बड़े दुख के साथ टॉप एंड मस्टरिंग हेलिकॉप्टर दुर्घटना की पुष्टि करती है। इस दुर्घटना ने आज एक बेहद अनुभवी पायलट की जान ले ली। उल्लेखनीय है कि इस हेलिकॉप्टर का उपयोग मध्य और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में विशाल स्टेशनों पर मवेशियों का पता लगाने और उनकी देखभाल करने वाले किसानों की सहायता के लिए हेलिकॉप्टरों का उपयोग किया जाता है। एनटी पुलिस ने पुष्टि की कि वह मंगलवार की दुर्घटना की परिस्थितियों की जांच कर रही है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई परिवहन सुरक्षा ब्यूरो (एटीएसबी) ने कहा कि वह जांच करने का निर्णय लेने से पहले जानकारी एकत्र करेगा।

योगेश चन्द्र अग्रवाल द्वारा दैनिक विश्वमित्र के लिए सतयुग इम्प्लाई को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल लिमिटेड, 13, प्रफुल्ल सरकार स्ट्रीट, कोलकाता-72 से मुद्रित एवं चटर्जी इंटरनेशनल, 19वां तल्ला, 33ए, जवाहर लाल नेहरू रोड, कोलकाता-71 से प्रकाशित। सम्पादक प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, विज्ञापन व्यवस्था, सर्कुलेशन विभागों का पता- चटर्जी इंटरनेशनल, 19वां तल्ला, 33ए, जवाहर लाल नेहरू रोड, कोलकाता-71, फोन नं. 033 22882023, e-mail : vismtra@gmail.com, RNI No. 2508/57

# उत्तर प्रदेश

## भाजपा नेता अरविन्द शुक्ला को भातृ शोक

**भदोही, 28 जून (नि.प्र.)।** भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और धनीपुर गांव निवासी अरविन्द प्रकाश शुक्ल के बड़े भाई माता फेरन शुक्ल का निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। पिछले कुछ दिनों से वह बीमार चल रहे थे। मंगलवार की शाम स्थानीय गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में तमाम भाजपा नेता, प्रधान, ग्रामीण शामिल रहे। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष के भाई के निधन पर शोक संवेदनाओं का तांता लगा हुआ है। डीघ ब्लाक के धनीपुर निवासी पूर्व सांसद प्रतिनिधि व पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद शुक्ल के बड़े भाई पं.माता फेरन शुक्ल 70 वर्ष के निधन पर कोइरौना बाजार में पं.करूणा शंकर पाण्डेय के अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई जिसमें मृतात्मा के आत्मा के शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई । शोक सभा में प्रमुख रूप से डा.अभिषेक पाण्डेय,डा.महेन्द्र मिश्र,संजय मिश्र,ओपी मिश्रा, राजकुमार शर्मा,विवेक पांडेय, विजय यादव,कड़े सेठ सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भीम आर्मी के चीफ को मारी गोली



**सहारनपुर, 28 जून (एजेंसियां)।** भीम आर्मी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद बुधवार को हुए एक जानलेवा हमले में घायल हो गए हैं। हरियाणा नंबर की कार से आए बदमाशों ने उनकी फॉर्च्यूनर कार पर चार राउंड गोलियां बरसाईं और भाग निकले। हमले में आजाद घायल हो गए हैं। उनके कमर में गोली के छर्रे लगे हैं। फिलहाल देवबंद के सरकारी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। इस हमले के बाद जहां विपक्षी दल योगी सरकार पर हमलावर हैं, वहीं चंद्रशेखर आजाद की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। उन्होंने बताया- 'मुझे याद नहीं है लेकिन मेरे लोगों ने उनकी पहचान की है। उनकी गाड़ी आगे सहारनपुर की तरफ भागी। हमने यू टर्न ले लिया। हमारी गाड़ी अकेली ही थी, कुल 5 लोग थे। हमारे साथी डॉक्टर को भी शायद गोली लगी है। आजाद ने बताया कि हमले के वक्त सड़क पर उनकी गाड़ी अकेली थी। हमारे काफिले में और कारें थीं पर पीछे थीं। इस हादसे में मैं काफी डर गया और स्थानीय पुलिस और प्रशासन से मदद मांगी थी। घटना के समय मेरे छोटे भाई सहित हम पांच लोग में सवार थे। हमारे साथी डॉक्टर को भी शायद गोली लगी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि चंद्रशेखर आजाद दिल्ली से लौट रहे थे। रास्ते में हमलावरों की कार उनके पीछे लग गई। मौका देख देवबंद में उनकी कार पर हमला हो गया। चंद्रशेखर आजाद पर हमले के बाद सबसे पहले सपा नेता शिवपाल यादव का रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने ट्वीट किया है- 'प्रदेश में अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि अराजक तत्व अपने सभी हदों व सरहदों को तोड़ने लगे हैं। यूपी में विपक्ष अब सत्ता व अपराधियों दोनों के निशाने पर है। भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर हुआ जानलेवा हमला प्रदेश के खोखले हो चुके कानून व्यवस्था के लिए एक अलार्म है। जाग जाओ सरकार!

## मेनका ने सुलतानपुर को दी 15 सड़कों की सौगात

**सुलतानपुर, 28 जून (एजेंसियां)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुलतानपुर की सांसद मेनका गांधी ने बुधवार को जिले के जयसिंहपुर विधानसभा के चोरमा गांव में मुख्यमंत्री त्वरित योजना अंतर्गत पांच करोड़ की लागत से स्वीकृत 10 किमीलम्बाई की 15 सड़कों का शिलान्यास किया। तीन दिवसीय दौरे पर पहुंची सांसद ने कहा सड़के विकास का आईना होती है। मैं खुश हूं कि 5 करोड़ की लागत से 15 सड़कों का निर्माण होने जा रहा है। श्रीमती गांधी ने केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर मोदी सरकार की उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा की।उन्होंने कहा सरकार ने गरीबों का चौतरफा विकास किया है। सरकार की आवास शौचालय,आयुष्मान कार्ड, मुफ्त अनाज आदि योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचा है। इसके बाद श्रीमती गांधी ग्राम मलवा के राम सुफल वर्मा के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने ,ग्राम रामदासपुर के राम तिलक तिवारी एवं सौरमऊ के लंबरदार के पुरवा में उमेश मिश्रा के यहां आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

## बगैर भेदभाव मिल रहा है सरकारी योजनाओं का लाभ : चौधरी

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार को कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। चरथावल में विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने तथा भाजपा सरकार के नौ साल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करने आए श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जनता से जो भी वायदे किये थे, उन्हे पूरा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वभर मे भारत का जो सम्मान बढाया है। देश को भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। उन्होने कहा कि भाजपा ने एक विधान एक निशान को अमली जामा पहनाया गया है। भाजपा सरकार ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक विकास कार्यों को बढावा दिया है तथा विदेश मे भारत का सम्मान बढाया है।





## एक जुलाई से 'एक नल एक पेड़' अभियान

**लखनऊ, 28 जून (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य में एक जुलाई से 'एक नल एक पेड़' अभियान शुरू करने जा रही है जिसके तहत सात जुलाई तक लाखों की संख्या में पौधरोपण किया जाएगा वहीं हर घर जल योजना के तहत राज्य सरकार ग्रामीणों को नल कनेक्शन देने के साथ ग्रामीणों को एक पौधा उपहार स्वरूप देगी। इन पौधों को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अधिकारी, कर्मचारी नल कनेक्शन प्रदान किए जाने वाले घर के बाहर, ओवरहेड टैंक के प्रांगण में, पंप हाउस और वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में रोपेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के कनेक्शन के साथ हरियाली के इस अनूठे अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर की जा रही है।

# बिहार

## सियासी प्लानिंग के साथ बिहार दौरे पर अमित शाह



**पटना, 28 जून (एजेंसियां)।** बिहार की सियासी जमीन पर राजनीतिक रोटी सेंकने का सिलसिला जारी है। लोकसभा चुनाव 2024 और विधानसभा चुनाव 2025 से पहले सभी पार्टियां एक्टिव हैं। राजनीतिक दलों की ओर से तरह-तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हाल में जेडीयू नेता और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने मटन पार्टी का आयोजन किया था। मटन भोज में महागठबंधन के कार्यकर्ता शामिल हुए थे। अब ललन सिंह के इलाके में बीजेपी नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रैली हो रही है। सियासी जानकारों की मानें, तो ये रैली कई मायनों में खास होने वाली है। अमित शाह की जिस इलाके में रैली हो रही है। ये इलाका मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इसी इलाके से जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी सांसद हैं। बीजेपी की नजर इस सीट पर पहले से है। मुंगेर लोकसभा सीट को जीतने की जुगत में बीजेपी पहले से लगी हुई है। बीजेपी यहां से अपना दमदार उम्मीदवार मैदान में उतारेगी। इससे पूर्व शाह अप्रैल में बिहार दौरे पर आए थे। उन्होंने पटना के अलावा नवादा में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जानकार मानते हैं कि अमित शाह के अप्रैल दौरे में ही लखीसराय इलाके में होने वाली रैली की रूपरेखा तैयार की गई थी। अमित शाह का जो मिनट-टू मिनट कार्यक्रम आया है। उसमें बताया गया है कि गुरुवार को अमित शाह सबसे पहले लखीसराय पहुंचेंगे। वहां से वे अशोक धाम मंदिर में पूजा करकेंगे। उसके बाद सीधे सूर्यगढ़ा पहुंचेंगे। जहां आयोजित रैली में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। अमित शाह इस दौरान पूर्व बिहार विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा के घर भी जाएंगे। जहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। जानकारों के मुताबिक अमित शाह की मूल रणनीति कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की है। अमित शाह एक्सक्लूसिव प्लानिंग के साथ बिहार दौरे पर आ रहे हैं। जानकार मानते हैं कि अमित शाह वैसे कार्यकर्ताओं से विशेष संवाद करेंगे जिनकी इलाके में ज्यादा पकड़ है। वैसे कार्यकर्ताओं को विशेष मंत्र देंगे। उसके अलावा 2024 लोकसभा चुनाव से पहले बूथ वाइज संगठन को कैसे एक्टिव कर दिया जाए। उस पर भी अपनी राय देंगे। जानकार मानते हैं कि बीजेपी एक ऐसी पार्टी है जो आगे की सोचती है। बीजेपी में किसी भी चुनाव से एक साल पहले तैयारी शुरू कर दी जाती है। इसके अलावा लंबी तैयारी को देखते हुए दो साल पहले से बूथ स्तर के कार्यकर्ता को एक्टिव कर दिया जाता है।

## कार्यपालक अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार

**किशनगंज, 28 जून (एजेंसियां)।** बिहार राज्य सतर्कता अन्वेषण ब्यूरो ने बुधवार को किशनगंज जिले के भवन निर्माण विभाग मुख्यालय के कार्यपालक अभियंता प्रवीण कुमार को एक लाख दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो सूत्रों ने यहां बताया कि पूर्णिया जिले के सिपाही टोला निवासी श्री कुमार को ब्यूरो की टीम ने आज दोपहर रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारी से पूछताछ की जा रही है।

## व्यवसायी से लाखों के आभूषण लूटे

**पटना, 28 जून (एजेंसियां)।** बिहार में सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र में एक स्वर्ण व्यवसायी को अपराधियों ने चाकू मारकर घायल करने के बाद करीब पांच लाख मूल्य के सोना-चांदी लूट लिया। पुलिस सूत्रों ने मिली जानकारी के अनुसार, इसरौली गांव निवासी व्यवसायी मुकेश प्रसाद ने घायलावस्था में अपने बयान में कहा है कि वह विक्टोरिया बाजार से वापस अपने मोटरसाइकिल से दुकान का 50 ग्राम सोना और दो किलोग्राम चांदी लेकर लौट रहा था।

## शिक्षक नियुक्ति में तुगलकी निर्णय वापस ले सरकार : सुशील

**पटना, 28 जून (एजेंसियां)।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने शिक्षक भर्ती में बिहार के स्थाई निवासी की शर्त को वापस लेने संबंधी तुगलकी फरमान को बिहार प्रतिभा का अपमान बताते हुए उसे तत्काल वापस लेने की आज मांग की। श्री मोदी ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि मंत्री का यह बयान हास्यास्पद है कि अंग्रेजी, गणित, फिजिक्स में योग्य शिक्षक नहीं मिलने के कारण बिहार के बाहर के अभ्यर्थियों को बुलाया जा रहा है। बिहार के लड़के अखिल भारतीय सेवाओं तथा आईआईटी आदि में परचम फहरा रहे हैं और मंत्री कह रहे हैं कि इन विषयों में लड़के नहीं मिल रहे हैं। भाजपा सांसद ने सवालिया लहजे में कहा कि 15 जून के विज्ञापन में बिहार डोमिसाइल की शर्त अनिवार्य रखी गई थी, फिर अचानक उसे क्यों हटा दिया गया। क्या कक्षा 1-5 के लिए भी बिहारी प्रतिभा पढ़ाने योग्य नहीं है कि बाहर के लोगों को बुलाया जाए।श्री मोदी ने कहा कि शिक्षक नियुक्ति में अराजकता की स्थिति पैदा हो गई है। चार लाख नियोजित शिक्षकों एवं एक लाख से ज्यादा टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को पुनः परीक्षा में बैठने की बाध्यता उनके साथ विश्वासघात है। अब एक ही विद्यालय में तीन प्रकार के शिक्षक हो जाएंगे।

## ....जब बीजेपी सांसद की फिसली जुबान



**गया, 28 जून (एजेंसियां)।** बिहार के गया में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के आगमन को लेकर खासा उत्साह था। गया रेलवे जंक्शन पर बीजेपी के सांसद और पूर्व मंत्री आदि मौजूद थे। इस दौरान मीडिया से बातचीत के क्रम में बीजेपी सांसद की जुबान फिसल गई। औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को देश का प्रधानमंत्री बताया। हालांकि, पास खड़े नेताओं द्वारा टोके जाने पर उन्होंने अपनी गलती सुधारते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। दरअसल, रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। जब रांची से उद्घाटन के बाद शाम वंदे भारत एक्सप्रेस गया जंक्शन पहुंची, तब उसके स्वागत के लिए औरंगाबाद के सांसद सुशील सिंह भी पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया से बातचीत के क्रम में सांसद की जुबान फिसल गई। उन्होंने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को देश का प्रधानमंत्री बता दिया। हालांकि, पास खड़े नेताओं द्वारा टोके जाने पर उन्होंने अपनी गलती सुधारते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि लोगों के लिए प्रधानमंत्री ने यह बड़ी सुविधा दी है। सांसद का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस बिहार-झारखंड को जोड़ने वाली ट्रेन है। प्रधानमंत्री नीतीश कुमार की महती कृपा है। आगे बोलने ही जा ही रहे थे कि इसी बीच किसी ने टोक दिया।

# राजस्थान

## केशव अग्रवाल को डाक्टरेट




**जयपुर, 28 जून (नि.प्र.)।** दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेण्टर (आई.एच.सी.) में मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी (यूनाइटेड नेशन) के 5वे राष्ट्रीय दीक्षांत समारोह में दिनाँक 25 जून 2023 को जयपुर के डॉ.अरुण अग्रवाल के सुपुत्र केशव अग्रवाल को बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के क्षेत्र में पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इनको चीफ गेस्ट के रुप में पधारे मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी के हॉनरेबल चांसलर श्री लुइस वैन डेर वेल्डे, एडिशनल कमिश्नर इनकम टैक्स न्यू दिल्ली श्री रघुनाथ भारती, फिल्म डायरेक्टर डॉ. हरिवंदर मनकर, कैडिला फार्मा लिमिटेड फॉर्मर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. पी.के. राजपूत, बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रीमती शिवानी शर्मा, चेयरमैन (जी.टी.टी.सी.आई) डॉ गौरव गुप्ता, सीईओ टाइमलेस ट्रेजरार एडम रोसेनफील्ड द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया । डॉ.केशव अग्रवाल ने अपनी स्कूल की पढाई जयपुर के फेमस स्कूल एस.एम.एस से हायरसेकण्ड्री की पढाई वर्ष 2008 मे करने के पश्चात बी.टेक 2012 मे जी.आई.टी से तत्पश्चात मास्टर ग्लोबल बिजनेस में (एमजीबी)-एस.पी.जैन स्कूल ऑफ़ ग्लोबल मेनेजमेन्ट सिंगापुर, सिडनी दुबई से 2014 मे पुर्ण की एवं वर्तमान मे दुबई मे रिडिंगटन गल्फ मे बिजनेस मैनेजर पद पर कार्य कर रहे है।उल्लेखनीय है की मैरीलैंड यूनिवर्सिटी द्वारा विभिन्न विषयो पर पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की जाती है साथ ही समय समय पर विभिन्न छेत्रो में उत्तम कार्य करने वाले प्रतिभावान शख्सियतो को भी पी.एच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया जाता है।

## मोदी सरकार ने आम लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए काम किया है : त्यागी

**अजमेर, 28 जून (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय सहप्रभारी महासम्पर्क अभियान अश्विनी त्यागी ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार ने देश में 2014 के बाद सामान्य जनजीवन को ऊपर उठाने का काम कर जन आकांक्षाओं पर उतरने का अभूतपूर्व काम किया है। भाजपा संगठन की ओर से महासम्पर्क अभियान के लिए अजमेर आये श्री त्यागी ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश के सम्मानित मतदाता ने अपना आशीर्वाद देकर सत्ता में लाने का काम किया, तब मोदी नेतृत्व में संकल्प लिया गया कि -केन्द्र की मोदी सरकार गरीब, किसान, नौजवान, बहन-बेटियों, वंचित वर्ग के साथ सभी के लिये कल्याण का काम करेगी। और आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए सिर उठाकर जीवन जीने का देश के आम लोगों को मौका मिला है। श्री त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अजमेर की पावन धरा से ही संगठन के लिए देश में महाजनसंपर्क अभियान का आगाज किया और आज मुझे केन्द्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर यहां आने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सभी क्षेत्रों में काम किया है।

## गहलोत ने दी 21 नगरीय निकायों में सड़क विकास कार्य के लिए 106.13 करोड़ रुपए की मंजूरी




**जयपुर, 28 जून (नि.प्र.)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 21 नगरीय निकायों में सड़क विकास कार्यों के लिए 106.13 करोड़ रुपए एवं अन्य तीन सड़क कार्यों के लिए 32.69 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति दी है। श्री गहलोत ने प्रदेश के 21 नगरीय निकायों में 367 सड़क विकास कार्यों के लिए 106.13 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति दी है। श्री गहलोत की इस स्वीकृति से प्रदेश के 21 नगरीय निकायों में मुख्य सड़कों के मेजर रिपेयर के कार्य हो सकेंगे। श्री गहलोत की बजट घोषणा के तहत नगर निगम क्षेत्र में 50 किमी, नगर परिषद क्षेत्र में 35 किमी तथा नगर पालिका क्षेत्र में 20 किमी सड़कों के कार्य करवाए जाने प्रस्तावित हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने की दृष्टि से विभिन्न सड़क विकास कार्यों की घोषणा की गई थी। इसकी अनुपालना में 238 नगरीय निकायों के 4042 सड़क विकास कार्यों के लिए 1450 करोड़ रुपए की पूर्व में ही स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री की तीन सड़क कार्यों के लिए 32.69 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति से सड़क निर्माण एवं नवीनीकरण तथा पुलिया निर्माण कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों में 14.21 करोड़ रुपए की लागत से रोहट से जालोर सड़क के 23 किमी भाग का नवीनीकरण कराया जाएगा। धौलपुर में सरमथुरा रोड (बाड़ी) में महाराज बाग से बामनी नदी, महाराज बाग कॉलोनी से परशुराम कॉलोनी वाया संतनगर रोड पर 2 पुलिया व नाला निर्माण होगा, जिसमें 14 करोड़ रुपए व्यय होंगे। बाड़मेर में रिफाइनरी क्षेत्र में दो लेन सड़क एनएच 25 के किमी 89/100 से 92/700 तनसिंह आरएमसी प्लांट तक सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। इसमें 4.48 करोड़ रुपए की लागत आएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने की दृष्टि से विभिन्न सड़क विकास कार्यों की घोषणा की गई थी।

## 3571 बेरोजगार युवाओं को मिला रोजगार

**कोटा, 28 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान के कोटा में आयोजित मेगा जॉब फेयर हाडोती एवं आसपास के अंचल के बेरोजगार युवाओं में नई उर्जा का संचार कर गया। यहां दो दिन में 3571 युवाओं को नौकरी के प्रस्ताव पत्र सौंपे गए। मेगा फायर के समापन के अवसर पर आज कलक्टर ओ पी बुनकर ने कहा कि दो दिन में लगभग साढ़े तीन हजार युवाओं को नौकरी मिलना हाडौती क्षेत्र के लिए बडी उपलब्धि है। रोजगार विभाग की आयुक्त रेणु जयपाल ने बताया कि कोटा में 70 कम्पनियों ने नौकरियों के लिए अवसर दिए जिनके लिए 21832 युवाओं ने पंजीकरण कराया। मौके पर 9 हजार 775 अभ्यर्थी पहुंचे। इनमें से 3571 को प्रस्ताव पत्र दिए गए हैं।

## कोटा जिले में वन क्षेत्रों के बाहर 13 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा



**कोटा, 28 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में वन क्षेत्रों के बाहर पेड़ योजना के तहत वन क्षेत्रों के बाहर हरियाली बढ़ाने के लिये विभिन्न विभागों व संस्थाओ के सहयोग से 13 लाख पौधों का रोपण किया जायेगा। उप वन संरक्षक जयराम पांडेय ने बताया कि योजनान्तर्गत 1.5 लाख पौधे गोचर, ओरण व चारागाह, 7 लाख पौधे विभिन्न शहरी क्षेत्रों में, 1.90 लाख जनसाधारण को अपने घरों व खेतों में, 1.30 लाख राजकीय विभागों में व कम्पनियों में लगाने के लिए वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। 1.30 लाख स्वयंसेवी संस्थानों व दानदाता संस्थानों में लगाने के लिए वन विभाग के 10 नर्सरी- बडगांव, देवलीअरब, न्यू लाडपुरा, स्मृतिवन, आलनिया, सहरावदा, सुल्तानपुर, इटावा, खातौली व जनकपुर से उपलब्ध कराए जाएंगे। वन विभाग की ओर से 1 जुलाई से गुलमोहर, सफेदा, गुलाब, कदब, करंज, बेलपत्र, जामुन, अशोक, अमलतास, कैत, शीशम, जंगल जलेबी, चुरैल, सिरस, बोगनबेलिया, सहजना, पेल्टाफार्म, आंवला, शहतूत, चांदनी, कचनार, केसियाश्यामा, गुडहल आदि।

# झारखंड

## वासेपुर में पिछले दो दिनों में दो व्यवसायियों के घर पर फायरिंग





**धनबाद, 28 जून (नि.प्र.)।** वासेपुर में पिछले दो दिनों में दो व्यवसायियों के घर पर फरार गैंगस्टर प्रिंस के गुर्गों ने रंगदारी के लिए गोली चलाई है। मछली व रियल स्टेट कारोबारी रशीद महाजन के घर गोली चलवाने के 24 घंटे के बाद वासेपुर में प्रिंस के गुर्गों ने आजाद नगर गफ्फार कालोनी स्थित अप्सरा ड्रेसेस के मालिक मोहम्मद सलीम के घर पर गोलीबारी की है। घटना अहले सुबह तीन बजे की है। फायरिंग के बाद से ही घर के लोग घर में ताला मारकर कहीं चले गए हैं। इस मामले में पुलिस किसी एक को भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इससे पूर्व तोपचांची के शान-ए-पंजाब और माही होटल में प्रिंस के गुर्गों ने बम फेंका था। वहीं मोटर पार्टस व्यवसायी संजीवानंद ठाकुर पर गोली चलाने वालों की गिरफ्तारी भी पुलिस अभी तक नहीं कर पायी है। फायरिंग के बाद से ही घर के लोग घर में ताला मारकर कहीं चले गए हैं। इससे पूर्व गत वर्ष छह मई को भी इनके घर पर रंगदारी के लिए फायरिंग की गई थी। हालांकि, गोली चलाने की इस घटना में किसी को चोट नहीं आई है। फायरिंग के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। इधर पुलिस इस मामले में कुछ भी बोलने से मना कर रही है। गोली चलने की घटना के बाद प्रिंस के गुर्गे मेजर की चिट्ठी इंटरनेट मीडिया पर जारी की गई है। चिट्ठी में लिखा है कि ये जो गोली चली है यह आखिरी वार्निंग है। अगली बार तुम्हारी घर में हत्या कर देंगे। दो दिन में छोटे सरकार (प्रिंस) को मैनेज करो। उल्लेखनीय है कि पिछली बार इनके घर पर गोली चलाने के बाद 50 लाख रुपए की मांग की गई थी। इस घटना के बाद विरोध में व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद की थीं। प्रिंस की गिरफ्तारी की मांग की जा रही थी। मगर प्रिंस अभी तक फरार है।

## टिकट काउंटर के पास गंभीर हालत में मिला तीन साल का बच्चा

**धनबाद, 28 जून (नि.प्र.)।** धनबाद रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के पास एक तीन साल का बच्चा गंभीर अवस्था में पड़ा मिला। बच्चे के दोनों पैर और एक हाथ मार कर तोड़ दिया गया है। यही नहीं उसके गले पर भी चोट के निशान हैं। निशान देखकर ऐसा प्रतीत होता है, जैसे उसकी गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की गई हो। बच्चें पर विक्रम ठाकुर नाम के एक युवक की नजर पड़ी। जिसके बाद मामले की जानकारी रेलवे चाइल्ड लाइन मंथन को दी गई। वहीं रेलवे चाइल्ड लाइन बच्चे को रेलवे अस्पताल ले गए और मामले की सूचना जीआरपी पुलिस को दी। इधर सीडब्ल्यूसी को मामले की सूचना दे दी गई है। आगे की कार्रवाई सीडब्ल्यूसी के माध्यम से की जाएगी। वहीं बेहतर इलाज के लिए बच्चें को धनबाद के एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां बच्चे का इलाज चल रहा है। सूत्रों कि माने तो बच्चे की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है।

## टाटा मोटर्स में अप्रेंटिशिप के लिए 12 छात्रों का ऑन द स्पॉट चयन





**धनबाद, 28 जून (नि.प्र.)।** जिला कौशल कार्यालय द्वारा दो दिवसीय अप्रेंटिशिप मेला सह प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन मुख्य अतिथि सहायक श्रमायुक्त सह श्रम अधीक्षक, धनबाद रंजीत कुमार एवं कौशल पदाधिकारी प्रवीण कुमार की उपस्थित में किया गया। जिसमें 27 जून को महिन्द्रा स्किल एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पुना महतो सेवा संस्थान कैम्पस, बाघमारा तथा आज असर्फी अस्पताल के निकट ए.आइ.टी.एस.आइ.एल. स्किल प्राइवेट लिमिटेड, नावाडीह में किया गया। जिला कौशल पदाधिकारी ने बताया कि दो दिवसीय अप्रेंटिशिप मेला-सह-प्लेसमेंट ड्राईव में लगभग 1200 छात्र-छात्राओं का निबंधन कर उनको अप्रेंटिशिप एवं रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। अप्रेंटिशिप मेला-सह-प्लेसमेंट ड्राईव कार्यक्रम में टाटा मोटर्स, डिस्टिल प्राइवेट लिमिटेड, क्रेस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस मौके पर 12 निबंधित छात्र-छात्राओं का निबंधन के उपरांत ही टाटा मोटर्स ने अप्रेंटिशिप के लिए चयन किया। वहीं सहायक श्रमायुक्त सह श्रम अधीक्षक ने बताया कि 8 जुलाई 2023 को जिला कौशल कार्यालय द्वारा संयुक्त श्रम भवन बरटाड़ में रोजगार मेला का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कई बड़ी कंपनियां सम्मिलित होने वाली है। धनबाद के युवाओं से अनुरोध है कि रोजगार मेला में उपस्थित होकर रोजगार पाने के अवसर का लाभ उठाये।




● R.N.I. NO. 2508/57 ● Regd. No. KOL RMS/291/2019-2021

# मोदी कैबिनेट का किसानों को तोहफा



**नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)।** केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के गन्ना किसानों के लिए तोहफे का एलान किया है। कैबिनेट ने गन्ने की एफआरपी बढ़ाने का फैसला किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि सरकार ने 2023-24 सीजन के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 315 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट ने चीनी सीजन 2023-24 के लिए गन्ना किसानों के लिए 315 रुपये प्रति क्विंटल के अब तक के उच्चतम उचित और लाभकारी मूल्य को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से पांच करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रितों को फायदा होगा। इसके साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत पांच लाख श्रमिकों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गन्ना सत्र अक्टूबर से शुरू होता है। गन्ने का न्यूनतम मूल्य 2014-15 में 210 रुपये प्रति क्विंटल था। मंत्रिमंडल ने वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिये नई योजना 'पीएम-प्रणाम' (कृषि प्रबंधन के लिये वैकल्पिक पोषक तत्वों को प्रोत्साहन) को मंजूरी दी। उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद इसकी जानकारी दी। इस योजना का एलान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को 2023-24 के बजट के दौरान किया था। योजना के तहत केंद्र राज्यों को प्रोत्साहित करेगा कि वे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा दें और रासायनिक उर्वरकों को कम करेंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि मान लीजिए कि कोई राज्य 10 लाख टन पारंपरिक उर्वरक का उपयोग कर रहा है और यदि वह अपनी खपत 3 लाख टन कम कर देता है तो सब्सिडी की बचत 3,000 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने कहा कि सब्सिडी बचत में से केंद्र वैकल्पिक उर्वरक के उपयोग और अन्य विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए राज्य को 50 प्रतिशत यानी 1,500 करोड़ रुपये देगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) की स्थापना के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बिल 2023 को संसद में लाया जाएगा। इसके साथ ही साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड एक्ट 2008 को रद्द किया जाएगा। एनआरएफ का संचालन एक गवर्निंग बोर्ड की ओर से किया जाएगा। इसमें 15 से 25 प्रतिष्ठित शोधकर्ता और पेशेवरों को शामिल किया जाएगा। इस गवर्निंग बोर्ड का नेतृत्व प्रधानमंत्री करेंगे।

## *बिजली के तारों के संपर्क में आया रथ 6 मरे, 15 झुलसे*


***अगरतला, 28 जून (एजेंसियां)।*** *त्रिपुरा के उनाकोटि जिले में बिजली के तारों के संपर्क में आने के कारण रथ में आग लग गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई और 15 झुलस गए। पुलिस ने इस बात की जानकारी दी। यह घटना भगवान जगन्नाथ के 'उल्टा रथ यात्रा' उत्सव के दौरान कुमारघाट इलाके में शाम करीब 4130 बजे हुई। उत्सव के दौरान, बड़ी संख्या में लोग उत्साहपूर्वक 'रथ' खींच रहे थे। इस रथ को लोहे से बनाया गया था। पुलिस ने कहा कि जुलूस के दौरान, 'रथ' गलती से 133ज़्ीं ओवरहेड केबल से संपर्क में आ गया और उसमें आग लग गई। असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ज्योतिषमान दास चौधरी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 15 लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने ट्वीट कर बताया कि वह अगरतला से ट्रेन में कुमारघाट जा रहे हैं और घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे, जहां दुखद घटना में कई लोगों की जान चली गई है। माणिक साहा ने लोगों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, कुमारघाट में एक दुखद दुर्घटना में, 'उल्टा रथ' खींचते समय करंट लगने से कई श्रद्धालुओं की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। मैं इस घटना से बहुत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना। राज्य सरकार इस मुश्किल समय में उनके साथ खड़ी है।*

## भाई-भतीजावाद में फंसीं कंगना



**मुंबई, 28 जून (एजेंसियां)।** कंगना रनौत ही वो एक्ट्रेस हैं जिन्होंने नेपोटिज्म के मुद्दे पर सबसे पहले खुलकर मैदान में उतरी थीं। कंगना ने निर्देशक और निर्माता करण जौहर पर नेपोटिज्म पर बातें करते हुए उन्हें भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देने वाला कहा था। कंगना रनौत ने करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण' में उन पर नेपोटिज्म का आरोप लगाया और उन्हें नेपो किंग कहा जाने लगा। कंगना ने इसके बाद भी नेपोटिज्म के खिलाफ कई बार काफी कुछ कहा है। लेकिन अब जो कहानी सुनने में आ रही हैं, उसमें इसी मुद्दे को लेकर उंगली उनपर भी उठती दिख रही है। दरअसल, हुआ यूं कि हाल ही में कंगना रनौत के प्रॉडक्शन में बनी फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई। फिल्म की कहानी लोगों को बहुत पसंद नहीं आई है। इस फिल्म को इमोशनलेस तो बताया ही गया है साथ ही इसके क्लाइमैक्स ने सबको हैरान किया है। ये ऐसा है जैसे कहानी बीच में ही कट गई हो। इसी फिल्म को लेकर अब अंदर की खबरें भी सामने आई हैं। 'बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि फिल्ममेकिंग में कंगना ने अपनी खूब मनमानी की है। फिल्म उस तरह से बनी ही नहीं जैसी डायरेक्टर ने सोची थी। फिल्म के शुरुआती सीन से लेकर फर्स्ट हाफ में काफी कुछ बदलकर रख दिया गया, जिससे डायरेक्टर खुश नहीं थे।

## सेना में भर्ती होकर 'अग्निवीर' बनीं रवि किशन की बेटी इशिता



**मुंबई, 28 जून (एजेंसियां)।** भोजपुरी सिनेमा में खूब काम करने वाले अभिनेता से राजनेता बने रवि किशन की बेटी चर्चा में हैं। 'बिग बॉस 1' में नजर आ चुके रवि किशन की बेटी ने इंडियन डिफेंस फॉर्स ज्वाइन किया है। एक्टर की बेटी 21 साल की हैं और उनका नाम इशिता हैं। बीजेपी सासंद रवि किशन ने बिटिया के साथ प्यारी प्यारी तस्वीरें शेयर कर इस बारे में जानकारी दी। जहां रवि किशन राजनीति में एक्टिव हैं तो अब उनकी बेटी ने देश की सेवा का रास्ता चुना है। इशिता शुक्ला ने अग्निपथ स्कीम के जरिए सेना में जाने का मन बनाया। अब उनका सिलेक्शन हो गया है। पिछले साल 2022 में रवि किशन ने बेटी के इस सपने के बारे में बताया था। उन्होंने बेटी की वर्दी वाली तस्वीर शेयर कर लिखा था, 'मेरी बिटिया इशिता शुक्ला, आज सुबह बोलीं पापा। मैं अग्निपथ रिक्रूटमेंट स्कीम ज्वाइन करना चाहती हूं। मैंने तो तुरंत कह दिया बेटा जाओ।' एक्टर की बेटी ने रिपब्लिक डे 2023 की परेड में भी हिस्सा लिया था। इस बारे में गर्व महसूस कर रहे रवि किशन ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की थी। उन्होंने बताया था कि पिछले तीन साल से वह इस फील्ड में तैयारी कर रही हैं।रवि किशन ने साल 1993 में प्रीति किशन शुक्ला से शादी की थी। वह पेशे से आंत्रप्रेन्योर हैं। दोनों के चार बच्चे हैं, एक बेटा और तीन बेटियां। बेटे का नाम सक्षम हैं तो इशिता, तनिक्षा और रीवा बेटिया हैं। इशिता का इंट्रस्ट जहां सेना में रहा है तो उनकी दोनों बहनें भी बहुत टेलेंटिंड हैं। तनिक्षा बिजनेस मैनेजर और इन्वेस्टर हैं। तो वहीं रीवा शुक्ला पिता की तरह एक्ट्रेस हैं। रीवा ने साल 2020 में 'सब कुशल मंगल' से डेब्यू किया था।

### हँसी के हँसगुल्ले

बीवी- चलो ना आज कहीं घूमने चलते हैं और हां ड्राइविंग मैं करूंगी।

पति- वाह, मतलब जाएंगे कार में और आएंगे कल के अखबार में...।

●●●

पप्पू - पता है, कुछ औरतें अपने बच्चों को तेज आवाज में क्यों डांटती हैं?

गप्पू - हां रुको बताता हूं।

गप्पू - ताकि पतियों में भी खौफ बना रहे...।

गप्पू की बात सुनकर पप्पू हंसने लगा।

## जनता दरबार





### गर्व से कहो हम व्यापारी हैं

**● पारस कोचर, एडवोकेट**

दुर्भाग्य से वह भारत का व्यापारी है
जो सूर्योदय के पहले रोज उठता है
रात अंधियारी होने पर वह सोता है
जैसे वह करता किसी की नौकरी है।

बात करने का पत्नी से नहीं मिलता समय
मुख देखने का बच्चों का नहीं मिलता समय
माँ बाप की सेवा करने का नहीं मिलता समय
भजन भगवान के करने का नहीं मिलता समय।

बही खाते में बसे उसके सारे देवी देवता है
जीएसटी के भार से दबा वह रोज रहता है
आयकर की उलझन में फँसा सदा रहता है
भगवान रूपी ग्राहक की पूजा करता रहता है।

चिंता कराता रहता है उसे उसका कर्ज
इलाज न करा पाने से बढ़ता उसका मर्ज़
खाना खाने में भी होता है समय का हर्ज
निभाता रहता है सारे पारिवारिक फर्ज।

दो चार पैसे मुश्किल से कमा वो लेता है
घर का खर्च मुश्किल से ही चला लेता है
बच्चों की शादी भी उधार लेकर करता है
ज़िंदगी उधार चुकाने में निकल जाती है।

व्यापार करना बंद व्यापारी कर दे
अस्त व्यस्त दुनिया वो सारी कर दें
जरूरी सारी सेवा वो बंद ही कर दे
लोगों का साँस लेना वो बंद कर दे।

जीडीपी देश की व्यापारी ही बढ़ाते हैं
विकास देश का व्यापारी ही करते हैं
उद्योग देश के व्यापारी ही लगाते हैं
विदेशी मुद्रा देश की व्यापारी बढ़ाते हैं

किंतु फिर भी सबसे गाली खाता रहता है
सरकारी चपरासी से डाँट सुनता रहता है
पुलिस से बिना बात डर डर कर रहता हैं
चुप चाप अपने काम में ही लगा रहता है।

सरकारी अफ़सर हो या चाहे कोई नेता
गुंडा बदमाश हो या फिर कोई अभिनेता
रुपये सब व्यापारी से ही रोज़ लेते हैं
फिर भी उस पर ही सब रौब जमाते हैं।

सारे अस्पताल और सारे विद्यालय
सब बनवाये हैं जनता के लिये उसने
सारी धर्मशाला और सारे देवालय
सब मुफ्त सेवा दी है सदा ही उसने।

नेता हो या चाहे सरकारी अफ़सर
होता है सिर्फ़ इन लोगों का ही नाम
व्यापारी छोटा हो या हो चाहे बड़ा
होता है हरदम ही वो पूरा बदनाम।

दो चार व्यापारी पकड़े जाते हैं
बदनाम बेचारे सारे हों जाते हैं
नेता जब भूल से भी पकड़े जाते हैं
जय जय कार अपनी ही कराते हैं।

कहे पारस व्यापारियों ,आओ होश में
सारे व्यापारियों को लाओ जोश में
सब मिल गर्व से कहो हम व्यापारी हैं
और सारी दुनिया पर भी हम भारी हैं।

## खेल-खिलाड़ी

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत चुके बृजेश दमानी से हैं देश को उम्मीदें




**कोलकाता, 28 जून (निप्र)।** बृजेश दमानी खेल जगत में आज एक जाना-पहचाना नाम है। अपनी मेहनत, लगन और कुछ नया कर गुजरने की तमन्ना ने आपको इस मुकाम तक पहुंचाया है। राष्ट्रीय स्नूकर टीम के होनहार खिलाड़ी श्री दमानी अब तक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई पदक जीत चुके हैं। ब्रिजेश दमानी (जन्म 22 नवंबर 1982, कोलकाता) एक भारतीय पेशेवर स्नूकर खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2008 में इंडियन नेशनल स्नूकर चैम्पियनशिप जीती। उन्होंने 2010 में चीन में हुए एशियाई खेलों में भी रजत पदक जीता था। बृजेश ने अपनी स्कूली पढ़ाई श्री दौलतराम नोपनी विद्यालय, कोलकाता से की। उनकी हालिया प्रशंसाओं में नेशनल बिलियर्ड्स चैंपियन 2023, रनर अप एशियन बिलियर्ड्स 2023, टीम एशियन स्नूकर 2023 के विजेता शामिल हैं।

**बृजेश दमानी वर्ष 2011 से इंडियन ऑयल कार्पोरेशन में सेवारत हैं। इंडियन ऑयल में अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए खेल जगत में बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आपसे देश को काफी उम्मीदें हैं।**






'दैनिक विश्वमित्र' से बातचीत करते हुए बृजेश दमानी ने बताया कि वह 14 वर्ष की उम्र से ही प्रतियोगिताओं में भाग ले रह हैं। 26 साल से लगातार खेल रहे श्री दमानी ने वर्ष 1999 में पहली बार स्टेट चैम्पियनशिप में भाग लिया था और पहली ही प्रतियोगिता जीत कर अपने नाम कर ली थी। आपकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि स्नूकर और बिलियर्ड्स दोनों खेलों में महारथ हासिल है। यह बात बहुत कम लोगों में देखी जाती है कि एक ही व्यक्ति दो खेल खेले और दोनों में प्रतियोगिताएं जीते। इस तरह से दमानी खेल की दुनिया में बहुआयामी व्यक्ति के धनी हैं। वर्ष 1999 में जब राज्य स्तर की प्रतियोगिता जीती थी तो उसी समय से आपके साथी खिलाड़ियों ने आपमें खेल जगत के विशेष गुण भाप लिए थे। साथी खिलाड़ियों ने हमेशा खेलते रहने के लिए हौसला आफजाई की। नतीजा आज सबके सामने है। राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर और अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुके हैं।

**दैनिक विश्वमित्र साक्षात्कार**

दौलतराम नोपानी विद्यालय से स्कूली शिक्षा हासिल करने के बाद आपने सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता से बी.कॉम ऑनर्स की पढ़ाई पूरी की। सेंट जेवियर्स कॉलेज में पढ़ाई करते-करते खेलना और प्रतियोगिताओं में भाग लेना आसान बात नहीं थी, लेकिन यह सब तब आसान हो गया, जबकि सेंट जेवियर्स कॉलेज के प्रिंसिपल का पूरा सहयोग मिलने लगा। प्रिंसिपल ने कभी भी आपको खेलने से नहीं रोका। आप कहते हैं कि कॉलेज से मुझे बहुत बड़ा सहयोग मिला। आपका परिवार व्यापारिक पृष्ठभूमि से आता है, लेकिन स्नूकर खेल आपको एक तरह से विरासत में हासिल हुआ है। आपके पिता श्री राजेश कुमार दमानी भी स्नूकर खेलते थे। हालांकि पिताजी का खेल खेलना शौकिया था, लेकिन बेटे पर उस पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा। श्री बृजेश दमानी कहते हैं कि मुझे खेल विरासत में पिताजी से हासिल हुआ है।

## यंग इंडियंस

# परिचर्चा में 2500 छात्रों ने लिया हिस्सा



**कोलकाता, 28 जून (निप्र)। वाईआई कोलकाता ने युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार** के साथ मिलकर एक 45 मिनट का वाई20 चर्चा सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में **2500 छात्रों** ने हिस्सा लिया। सत्र की शुरुआत **रोहित पटनी,** अध्यक्ष वाईआई कोलकाता ने की, जिन्होंने वाईआई की राष्ट्र निर्माण में भूमिका, युवा कार्यक्रम के महत्व और वाईआई के जी20 में पहलों पर जोर दिया। चर्चा का मुख्य विषय था **'भविष्य के लिए व्यापार को पुनर्कल्पित करना'** और इसमें निम्नलिखित व्यक्तियों ने भाग लिया : **श्री श्रीश अग्रवाल,** फाउंडर ए1 फ्यूचर टेक्नोलॉजी एवं एंजल इंवेस्टर, **श्री आदित्य कचावे,** एआई पावर यूजर, आईआईटी खड़गपुर

**दैनिक विश्वमित्र विशेष**

पूर्व छात्र, **श्री दीपक सिंह,** सीए, डायरेक्टर डाटा और एनालिटिक्स इंडसनेट टेक्नोलॉजीज और प्रोग्राम डायरेक्टर योडीफाई। चर्चा का संचालन **श्री अभिषेक जैन,** साझेदार, सिल्टन रबर और टेक उत्साही और कार्यकारी सदस्य, वाईआई कोलकाता ने किया। चर्चा में जोरदार विचार-विमर्श हुआ। पैनलिस्टों ने एआई के भविष्य और इसके पारंपरिक भूमिकाओं पर प्रभाव के बारे में अपने विचार साझा किए :






**एआई बनाम पारंपरिक नौकरियां :** पैनलिस्टों ने सहमति जताई कि एआई संभवत: परंपरिक नौकरियों को प्रभावित करेगा, ठीक वैसे ही जैसे एटीएम ने बैंकिंग उद्योग को बदल दिया। हालांकि उन्होंने बल दिया कि यह आवश्यकता से एक नकारात्मक विकास नहीं है। जैसे एटीएम ने बैंक नौकरियों को समाप्त नहीं किया बल्कि उन्हें परिवर्तित किया, एआई का अपेक्षा की जाती है कि वह पारंपरिक भूमिकाओं को बदले न कि उन्हें बदल दे।

**उद्यमियों के लिए एआई उपकरण :** पैनलिस्टों ने उद्यमियों द्वारा उत्पादकता बढ़ाने और विकास को तेज करने के लिए विभिन्न एआई उपकरणों की चर्चा भी की। उन्होंने एआई प्रेरित संचार उपकरणों और दस्तावेज विश्लेषण उपकरणों जैसे चैट जीपीटी का उल्लेख किया, जो व्यवसायों को व्यापक दस्तावेजों को छानने चर्चा में जोरदार विचार-विमर्श हुआ। पैनलिस्टों ने एआई के भविष्य और इसके पारंपरिक भूमिकाओं पर प्रभाव के बारे में अपने विचार साझा किए।

**एआई के जोखिम :** पैनलिस्टों ने एआई से जुड़े जोखिमों का संबोधन किया, जिसमें डेटा प्राइवेसी और एआई को उस डेटा पर प्रतिबिंबित करने की संभावना शामिल है, जिस पर यह प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने एआई का जिम्मेदारीपूर्वक और नैतकतापूर्वक उपयोग करने के महत्व पर जोर दिया और डेटा की सुरक्षा के लिए मजबूत नीतियों की आवश्यकता पर बल दिया।

**एआई और उद्यमिता :** पैनलिस्टों ने यह बताया कि एआई उद्यमिता के प्रति पहुंच को बढ़ा रहा है। अब स्टार्टअप्स कम पूंजी के साथ काम कर सकते हैं, जिससे नवाचार के लिए बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं।

जैसे ही कार्यक्रम समाप्त हुआ, हिमांशु फोगला, सह-अध्यक्ष, युवा वर्टिकल, वाईआई कोलकाता ने सभी उपस्थित लोगों के प्रति दिल से धन्यवाद का आभार प्रकट किया। उन्होंने मान्य अतिथियों और गणमान्यों, पैनलिस्टों के प्रकाशदायी चर्चा और सक्रिय भागीदारी के लिए दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।